रविवारीय
लखनऊ, रविवार
21 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 299 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

दोहा डायमंड लीग में चौथे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा



पीएम मोदी ने ओडिशा को दी 47,600 करोड़ की सौगात

# कांग्रेस राज में पिछड़ा रहा पूर्वी भारत, अब बना विकास का गेटवे

**मयूरभंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्वी भारत हमेशा पिछड़ा रहा। लेकिन आज यही क्षेत्र देश के विकास का मुख्य द्वार बन रहा है। पीएम मोदी ओडिशा के मयूरभंज जिले के राईरंगपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ओडिशा के लिए 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा अब विकास की राह पर तेजी से दौड़ रहा है। कल्याणकारी योजनाएं गरीबों का जीवन बदल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोदय नीति पर काम कर रही है। हमारा लक्ष्य पूर्वी भारत के विकास से पूरे देश का विकास करना है। जो पूर्वी भारत कांग्रेस के दौर में पिछड़ेपन की पहचान बन चुका था, वह अब प्रगति का प्रवेश द्वार बन रहा है। भाजपा सरकार ओडिशा के संसाधनों को नई संभावनाओं में बदल रही है। राज्य को अब तक करीब 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। ओडिशा में भाजपा सरकार को दो साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर पीएम ने राज्य की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ओडिशा इस समय उत्सव के माहौल में डूबा हुआ है। पिछले हफ्ते यहाँ गण पर्व (राजा पर्व) मनाया गया। अब महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा और बारीपदा रथ यात्रा की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। लोकतंत्र और विकास का यह उत्सव अद्भुत है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव पहुंचे प्रधानमंत्री

पीएम मोदी के लिए यह दिन बेहद खास रहा। शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्मदिन भी था। पीएम मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ओडिशा की बेटी आज देश के सर्वोच्च पद पर है। वह हम सभी का मार्गदर्शन कर रही हैं। यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मयूरभंज और ओडिशा की पहचान को पूरे विश्व में मजबूत किया है। पीएम मोदी राष्ट्रपति के पैतृक गांव पहाड़पुर भी गए। वहां उन्होंने स्थानीय बच्चों के स्कूल का दौरा किया। पीएम ने बच्चों के साथ कुछ यादगार पल बिताए। उन्होंने इसे अपने लिए एक शैक्षणिक और कुछ नया सीखने वाला अनुभव बताया।

# लखनऊ में बदला मौसम तेज हवा के साथ बारिश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। लखनऊ में शनिवार दोपहर 2 बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए। कई इलाकों में तेज

- 24 जिलों में लू चल रही, नौ में बरसात का अलर्ट
- प्रदेश में 25 जून तक मानसून आएगा

हवा के साथ बारिश हुई। करीब 10 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

इससे पहले सुबह-सुबह सोनभद्र में तेज बारिश हुई। आज 24 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। सहारनपुर, आगरा और झांसी समेत 9 जिलों में बारिश की भी संभावना है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में तेज धूप है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस का एहसास हो रहा है।

उधर, प्रदेश में मानसून लेट हो गया है। यूपी-बिहार बॉर्डर तक पहुंचने के बाद मानसून 5-6 दिनों से महराजगंज के पास ठहरा हुआ है। मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि 23 जून से मानसून आगे बढ़ना शुरू करेगा। अनुकूल परिस्थितियां बनी रहीं तो 25 जून तक यूपी में मानसून की एंट्री हो सकती है।



आईएमडी के मुताबिक, दक्षिणी यूपी के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। हालांकि, इससे गर्मी कम नहीं होगी। उमस बढ़ेगी। पूर्वी और बुंदेलखंड के कई जिलों में गर्म हवाएं चलने और तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। इससे पहले, शुक्रवार देर रात प्रयागराज के कुछ इलाकों में जोरदार बारिश हुई। सुबह फर्रुखाबाद और कानपुर में एक घंटे तक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। गर्मी की बात करें तो बांदा 44.2 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वाराणसी 43.0 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर रहा।

# अब सिर्फ एक ही शिवसेना : अमित शाह

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना की पहचान और नेतृत्व को लेकर लंबे समय से चल रही बहस के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

- बोले शिवसेना-शिंदे गुट कहने का दौर खत्म

ने कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले लोगों को एकनाथ शिंदे का नाम लेते समय शिवसेना-शिंदे गुट कहना पड़ता था, लेकिन अब कोई गुट नहीं बचा है और केवल एक ही शिवसेना है। अमित शाह का यह बयान ऐसे समय आया है जब महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण लगातार बदल रहे हैं और शिवसेना की विरासत को लेकर सियासी चर्चा जारी है। शाह ने अपने भाषण में महाराष्ट्र सरकार के विकास कार्यों और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी प्रमुखता से रखा। कोल्हापुर की जनसभा में अमित शाह ने कहा कि एक समय ऐसा था जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले दल को शिवसेना-शिंदे गुट के नाम से जाना जाता था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और केवल एक शिवसेना ही अस्तित्व में है। उनके इस बयान को महाराष्ट्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शाह ने सीधे तौर पर यह संदेश देने की कोशिश की कि शिवसेना को लेकर जो भ्रम या विभाजन की चर्चा थी, वह अब समाप्त हो चुकी है। उनके इस बयान को आगामी राजनीतिक रणनीति और गठबंधन की मजबूती के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

# ग्रामीण भारत की गलियों का बनेगा डिजिटल मैप

**नई दिल्ली।** देश के गांवों की प्रत्येक सड़क, गली और संपर्क मार्ग को पहली बार डिजिटल पहचान मिलने वाली है। पंचायती राज मंत्रालय ने

- मिलेगा यूनिक कोड, केंद्र सरकार लाने जा रही नया सिस्टम

इन्ट्रा-विलेज रोड कोडिंग एंड ग्रेडिंग सिस्टम का मसौदा तैयार किया है, जिसे जल्द ही सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया जाएगा।

नई व्यवस्था में हर सड़क को उसके प्रकार, राज्य, जिला और गांव के आधार पर यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड और डिजिपिन आधारित भौगोलिक पहचान मिलेगी। अभी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत गांवों तक पहुंचने वाली सड़कों का रिकॉर्ड तो है, लेकिन भीतरी गलियां और संपर्क मार्ग किसी एकीकृत राष्ट्रीय डेटाबेस का हिस्सा नहीं हैं। विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग नामों से दर्ज करने के कारण भ्रम, कार्यों की पुनरावृत्ति और सार्वजनिक धन की बर्बादी होती है। गांव की सभी आंतरिक सड़कें तीन श्रेणियों : मुख्य सड़क, क्रॉस रोड और अन्य/संपर्क मार्ग - में वर्गीकृत होंगी। हर सड़क डिजिपिन के जरिए सटीक भौगोलिक निर्देशांकों से जुड़ी होगी। यह प्रणाली पीएमजीएसवाई, स्थानीय शासन निर्देशिका तथा डिजिपिन से भी एकीकृत होगी। ग्राम मानचित्र इस पूरी व्यवस्था का केंद्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जो पीएम गतिशक्ति, भुवन और अन्य सरकारी डिजिटल प्रणालियों से भी जुड़ा रहेगा। हर सड़क पर द्विभाषी साइनबोर्ड लगेंगे और क्यूआर कोड स्कैन करने से सड़क की लोकेशन, रखरखाव रिकॉर्ड और नेविगेशन जानकारी मिलेगी। सड़कों की पहचान, नामकरण और कोडिंग की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को दी जाएगी। हर साल ग्राम पंचायत विकास योजना के साथ इनकी समीक्षा होगी और स्थानीय समितियां नए मार्गों को जोड़ने या बदलाव का सत्यापन करेंगी। पंचायती राज मंत्रालय परियोजना का नोडल मंत्रालय होगा। इसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय, डाक विभाग, एनआरआईडीए, राज्य पंचायती राज विभाग, सर्वे ऑफ इंडिया, एनआईसी, राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र, आपातकालीन सेवाएं और निजी जीआईएस-नेविगेशन कंपनियां शामिल हैं। सरकार नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, ग्राम पंचायतों और तकनीकी विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करेगी, जिनके आधार पर अंतिम नीति तैयार होगी। पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय सचिव विवेक भारद्वाज ने बताया कि गांवों की सड़कों और गलियों का कभी नामकरण नहीं हुआ। हालांकि, सरकार का इरादा इनके नामकरण का नहीं है- यह काम ग्राम पंचायतें खुद करेंगी। पर इस पहल के तहत गांव की हर सड़क और गली की कोडिंग होगी।

# नागपुर के छात्र को अबू धाबी में मिला परीक्षा केंद्र

**मुंबई।** नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से ठीक एक दिन पहले महाराष्ट्र के नागपुर के एक छात्र के साथ हुई एक चौंकाने वाली घटना ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

- नीट से पहले एनटीए की बड़ी चूक

(एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्र ने परीक्षा केंद्र के लिए नागपुर को अपनी पहली पसंद चुना था, लेकिन जब उसने नया एडमिट कार्ड डाउनलोड किया तो उसमें परीक्षा केंद्र संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में दिखाया गया। परीक्षा 21 जून को होनी है और इतनी कम अवधि में विदेश जाकर परीक्षा देना छात्र और उसके परिवार के लिए लगभग असंभव है। इस घटना ने एक बार फिर परीक्षा प्रबंधन को लेकर बहस छेड़ दी है। छात्र को मूल रूप से नीट परीक्षा के लिए नागपुर के सरस्वती विद्यालय में परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अपना पक्ष रखा है। एजेंसी ने कहा कि उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वेब-एक्टिविटी रिकॉर्ड के अनुसार अभ्यर्थी के रजिस्टर लॉगिन के जरिए एग्जाम सिटी में बदलाव किया गया था। बाद में अभ्यर्थी की ओर से एग्जाम सेंटर बदलने का अनुरोध मिलने पर एनटीए ने कार्रवाई की।

# बढ़ती मंहगाई के लिए केंद्र दोषी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को बढ़ती मंहगाई के कारण तेजी से घटती बचत को लेकर सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा अन्य पार्टियों से खरीदारी

- खरगे बोले आम आदमी जरूरत के सामान खरीदने में असमर्थ

करने में व्यस्त है। वहीं, आम आदमी जरूरत के सामान खरीदने में असमर्थ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 'अर्थव्यवस्था



के कुप्रबंधन के कारण परिवार तबाह हो रहे हैं।' एक्स पोस्ट में खरगे ने कहा, 'बढ़ती मंहगाई के कारण बचत तेजी से घट रही है। सामर्थ्य की कमी, आकांक्षाओं का टूटना, असमानता, वैश्विक विश्वसनीयता में गिरावट, युवाओं में भारी आक्रोश।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बोझ तले परिवार तबाह हो रहे हैं! उन्होंने आगे कहा खुदरा मंहगाई - 16 महीनों में सबसे अधिक। खाद्य मुद्रास्फीति - 4.78 प्रतिशत, थालियों से टमाटर गायब हो रहे हैं। चिकित्सा मुद्रास्फीति 15 प्रतिशत से ऊपर। रुपया गड्ढों में गिर रहा है। विदेशी निवेशक हमसे मुंह मोड़ रहे हैं। युवाओं के लिए रोजगार नहीं, बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा, भाजपा अन्य पार्टियों से सामान खरीदने में व्यस्त है, लेकिन आम आदमी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है।

## आरएसएस ऑफिस पर बम फेंकने के निर्देश दुबई से मिले

**रांची।** झारखंड के रांची में आरएसएस के ऑफिस पर पेट्रोल बम से हमला सोची-समझी साजिश थी। पुलिस के अनुसार, इसके बाद लखनऊ में भी हमले की योजना थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार

- रांची के बाद लखनऊ था अगला टारगेट

आरोपी अमन अंसारी ने यह जानकारी दी है। आरोपी के मुताबिक, पेट्रोल बम फेंकने का निर्देश दुबई से मिला था। दुबई में बैठे तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान (टीटीएच) का गुर्गा आवेश राजपूत उर्फ राणा और शहजाद उर्फ शाहनवाज आलम उर्फ भट्टी इसका मास्टरमाइंड है।17 जून को रांची में आरएसएस दफ्तर पर हमले के बाद अमन अंसारी उर्फ गोलू और सैफ अंसारी उसी दिन दोपहर ट्रेन से कानपुर के लिए रवाना हो गए थे, लेकिन रांची पुलिस ने दोनों को गझंडी स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी अमन अंसारी ने बताया कि सितंबर 2025 में वह नौकरी के लिए मुंबई गया था। वहां जिशान नाम के एजेंट ने उसे दुबई भेजा। वहां उसे मरमुम स्टार टेक्निकल सर्विस कंपनी में एसी बनाने का काम मिला। वीजा की तारीख समाप्त होने के बाद कंपनी के सुपरवाइजर अहमद अली ने इसी साल उसे वापस मुंबई भेज दिया।

# नीट यूजी री एग्जाम-यूपी में मॉकड्रिल की गई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नीट यूजी 2026 री-एग्जाम से पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यूपी में मॉक ड्रिल की। एग्जाम को सुरक्षित

- आज प्रदेश में 3.5 लाख उम्मीदवार देंगे परीक्षा
- बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है।

## पेपर ले जाने के लिए एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल

अधिकारियों के अनुसार एग्जाम से संबंधित सभी काम जैसे प्रश्नों की सेटिंग, ट्रांसलेशन, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज से लेकर ट्रांसपोर्टेशन और डिस्ट्रीब्यूशन की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सरकार द्वारा प्रश्न पत्र से संबंधित सभी सामान ले जाने के लिए इंडियन एयरफोर्स एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया जाएगा। डिजिटल क्षेत्र में अधिकारी 24 घंटे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग पर नजर जमाए हुए हैं ताकि फेक क्वेश्चन पेपर, गलत सूचनाओं और संदिग्ध गतिविधियों को एग्जाम से दूर रखा जा सके।

वहीं सीएम योगी ने नीट उम्मीदवारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। नीट परीक्षा से पहले सीएम योगी के स्तर पर समीक्षा की गई। सीएम योगी ने पुलिस और प्रशासन को पुख्ता तैयारियों के निर्देश दिए। नीट परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। इसके अलावा दूसरे जिलों में परीक्षा देने जाने वाले उम्मीदवारों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# केरल के ईसाई प्रार्थना स्थल में बच्चों का शोषण

**पथानामथिट्टा।** एक ईसाई प्रार्थना केंद्र में रहने वाले 17 साल के लड़के ने कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया। इस मामले की जांच बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने की। शुरुआती जांच में पता चला कि वहां रहने वाले कुछ अन्य बच्चों ने भी कर्मचारियों के गलत व्यवहार और मारपीट जैसी घटनाओं का सामना किया है।



- जांच में चौंकाने वाली जानकारी आई सामने

अब मामले की आगे जांच की जा रही है। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद जांच शुरू करने वाली बाल कल्याण समिति को इस बात के संकेत मिले हैं कि केंद्र में रहने वाले और भी बच्चों को कथित तौर पर दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार बनाया गया था। यह मामला सबसे पहले 17 जून को इडुक्की जिले के कट्टप्पना पुलिस स्टेशन द्वारा पथानामथिट्टा स्थित एलोहिम ग्लोबल वर्शिप सेंटर के तीन कर्मचारियों के खिलाफ अनाक्कारा निवासी लड़के पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में दर्ज किया गया था। वह लड़का उस केंद्र में रह रहा था, जिसने उसके परिवार की आर्थिक कठिनाइयों को देखते हुए उसकी शिक्षा में सहयोग देने और बाद में उसे रोजगार दिलाने में मदद करने का वादा किया था। मामले को आगे की जांच के लिए पथानामथिट्टा जिले के एलावुमथिट्टा पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया। इस घटनाक्रम के बाद, पथानामथिट्टा सीडब्ल्यूसी ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है। सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष लीना के सुभाष ने यहां पत्रकारों को बताया कि आरोपों के सामने आने के बाद प्रार्थन स्थल को बंद कर दिया गया है।

## ट्रेन में सीट के लिए यात्री को मार डाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में एक यात्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बागपत, उत्तर प्रदेश निवासी पंकज धामा के रूप में हुई है। पंकज धामा योग एक्सप्रेस ट्रेन में जनरल डिब्बे में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी कुछ अन्य यात्रियों के साथ उसका विवाद हो गया, यात्रियों के बीच भारी धक्का-मुक्की शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि अन्य यात्रियों ने पंकज पर लातों और घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले के दौरान पंकज अचेत होकर गिर पड़ा। घटना के समय प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ के एक सिपाही ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

## ब्रिक्स एनएसए की बैठक दिल्ली में कल से

**नई दिल्ली।** भारत 22-23 जून 2026 को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक की मेज़बानी करेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल करेंगे। बैठक के दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख आज दुनिया के सामने मौजूद गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। वे राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के तेज़ी से बदलते स्वरूप और उभरते सुरक्षा खतरों में नई तकनीकों की भूमिका पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार/प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख आतंकवाद रोधी और सूचना व संचार तकनीकों के इस्तेमाल में सुरक्षा पर हाल ही में हुई ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूहों की बैठकों के नतीजों की समीक्षा भी करेंगे।

## खान सर को अदालत से मिली राहत

**पटना।** राजधानी पटना के बहुचर्चित कोचिंग वॉर मामले में प्रसिद्ध शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर को अदालत से बड़ी राहत मिली है। शनिवार को पटना सिविल कोर्ट में हुई अहम सुनवाई के दौरान अदालत ने फैजल खान की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करते हुए उनके अंतरिम संरक्षण को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अगली तारीख तक फैजल खान की गिरफ्तारी पर रोक बरकरार रहेगी। शनिवार को हुई इस सुनवाई के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की अपडेटेड केस डायरी अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई। केस डायरी का अवलोकन करने के बाद अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं।

चिंताजनक

खतरे में नदियां और समुद्री तट; प्रकृति नहीं पूरा कर पा रही भंडार

# दुनियाभर में हर वर्ष हो रहा 5,000 करोड़ टन रेत का दोहन

**नई दिल्ली।** आधुनिक विकास की चमक के पीछे एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन तेजी से खत्म हो रहा है, जिसकी कमी का असर आने वाले वर्षों में पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। सड़कें, पुल, इमारतें और शहर खड़े करने के लिए जिस रेत का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है, उसका दोहन अब प्रकृति की भरपाई क्षमता से कहीं आगे निकल चुका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर साल लगभग 5,000 करोड़ टन रेत निकाली और उपयोग की जा रही है। चिंता की बात यह है कि जिस रेत को बनने में लाखों वर्ष लगते हैं, उसे कुछ ही दशकों में खत्म किया जा रहा है। रिपोर्ट बताती है कि शहरीकरण, बढ़ती आबादी और आधारभूत ढांचे के विस्तार के कारण रेत की मांग लगातार बढ़ रही है। अनुमान है कि केवल निर्माण क्षेत्र में ही वर्ष 2060 तक रेत की जरूरत करीब 45 प्रतिशत बढ़ सकती है।

**लाखों वर्षों में तैयार होती है रेत**

विशेषज्ञों के अनुसार समस्या केवल खपत की मात्रा नहीं है, बल्कि यह भी है कि प्रकृति जिस गति से रेत का निर्माण करती है, मानव समाज उससे कहीं अधिक तेजी से उसका दोहन कर रहा है। चट्टानों के क्षरण व प्राकृतिक प्रक्रियाओं से बनने वाली रेत का पुनर्निर्माण हजारों नहीं, बल्कि लाखों वर्षों में होता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक उपलब्धता के बीच बढ़ती खाई को एक उभरते वैश्विक संकट के रूप में देख रहे हैं।



**संरक्षित समुद्री क्षेत्रों में भी खनन**

रिपोर्ट का एक और चिंताजनक निष्कर्ष यह है कि दुनिया की लगभग आधी ड्रेजिंग कंपनियां समुद्री संरक्षित क्षेत्रों के भीतर भी रेत निकाल रही हैं। इन क्षेत्रों से प्राप्त रेत वैश्विक समुद्री रेत खनन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि संरक्षण के लिए घोषित क्षेत्रों में भी खनन जारी रहा, तो समुद्री जैव विविधता को बचाने के प्रयास कमजोर पड़ जाएंगे।

**प्राकृतिक फिल्टर की तरह करती है काम, पानी को रखती है साफ**

अक्सर रेत को केवल सीमेंट और कंक्रीट का कच्चा माल समझा जाता है, लेकिन इसकी भूमिका इससे कहीं व्यापक है। नदियों और समुद्री तटों पर मौजूद रेत अनेक जीव-जंतुओं के आवास का आधार है। मछलियां, कछुए, केकड़े, पक्षी और अन्य कई प्रजातियां सीधे तौर पर इन पारिस्थितिक तंत्रों पर निर्भर हैं। इसके अलावा रेत प्राकृतिक फिल्टर की तरह काम करती है, जो पानी को साफ रखने में मदद करती है। यह नदियों के प्रवाह को संतुलित रखती है।

**जिंदा और मृत रेत का फर्क**

यूएनईपी की रिपोर्ट रेत को समझने का एक नया दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट के अनुसार जब रेत को निकालकर सीमेंट, कंक्रीट या डामर का हिस्सा बना दिया जाता है, तब वह हमेशा के लिए प्राकृतिक चक्र से बाहर हो जाती है। इसे मृत रेत कहा गया है। इसके विपरीत नदियों, डेल्टा और समुद्री तटों में मौजूद रेत जिंदा रेत है, जो प्रकृति को सेवाएं देती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पति का ब्रम्हभोज नहीं होने दे रहे हैं दबंग

**बस्ती।** सूदखोरों के चंगुल में फंसकर कोतवाली थाना क्षेत्र के पोखरभिटवा निवासी हरेन्द्र सिंह ने मजबूरन आत्महत्या कर लिया। उसकी पत्नी शोभना सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया किन्तु कोई कार्रवाई न किये जाने से दबंग सूदखोरों का मनोबल इतना बढ गया है कि शोभना के पति हरेन्द्र सिंह का ब्रम्हभोज तक नहीं होने दे रहे हैं। शोभना सिंह ने डीआईजी को पत्र देकर कहा है कि गांव के ही सूदखोर श्याम बहादुर सिंह व राघवेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह पुत्रगण जय प्रकाश सिंह के विरूद्ध पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया, इससे उनका मनोबल बढ गया है और वे पति हरेन्द्र सिंह का ब्रम्हभोज तक नहीं होने दे रहे हैं। शोभना सिंह पर मुकदमा वापस लेने के लिए और सुलह करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन तथा नाजायज दबाव बना रहे है न मानने पर उसे व परिजनो को जान माल की धमकी दे रहे है।

### मालवीय रोड पर योग महोत्सव आज

**बस्ती।** करें योग रहें निरोग के संकल्प के साथ आज 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवीय रोड स्थित श्री हरि मैरेज हाल में एक भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति एवं इंडियन योग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। महोत्सव की पूर्व संध्या पर पतंजलि योग समिति बस्ती के संरक्षक डा प्रवेश कुमार तथा योगाचार्य गरुड़ ध्वज पांडेय ने उपस्थित साधकों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल का सघन अभ्यास कराया। भारत स्वाभिमान समिति के जिला प्रभारी ओम प्रकाश आर्य ने जिले के समस्त नागरिकों, योग प्रेमियों और प्रबुद्ध जनों से सुबह समय से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की भावपूर्ण अपील की है।

### जानलेवा प्रयास के आरोपी सहित 9 का चालान

**परसरामपुर, बस्ती।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस हत्या के प्रयास का आरोपी की गिरफ्तारी के साथ 9 लोगों को शान्ति भंग में चालान किया है। पुलिस के मुताबिक पंजीकृत मुकदमा में धारा 109 (1) बीएनएस 4/25 आर्म्स एक्ट आरोपी राज कश्यप उर्फ राजेश उम्र 19 वर्ष पुत्र राजू निवासी ग्राम गौरा पांडेय थाना परसरामपुर को मुखबिर की सूचना पर शनिवार सुबह 7 बजे के करीब लक्ष्मणपुर निद्धा सिंह से परसपुर जाने वाली मार्ग से गिरफ्तार किया। इसी क्रम में धारा 170/ 126/ 135 बीएनएस के तहत उमेश पुत्र राजाराम उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम हैदराबाद, धर्मेन्द्र उम्र 24 वर्ष पुत्र चिरकुट निवासी ग्राम हैदराबाद, अनुराग कश्यप उम्र 30 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर,शिवम कश्यप उम्र 22 वर्ष पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर,राम कुमार उम्र 37 वर्ष पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम सिकंदरपुर, आलम हुसैन उम्र 49 वर्ष पुत्र शोहराब अली निवासी ग्राम लच्छीपुर,ललित कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र बिसई निवासी ग्राम रानीपुर बेरता,रवि गौतम उम्र 25 वर्ष पुत्र मंगरू प्रसाद निवासी ग्राम रानीपुर बेरता तथा राम मनोज शर्मा उम्र 25 वर्ष पुत्र राम औतार निवासी ग्राम रानीपुर बेरता थाना परसरामपुर को शांति भंग में चालान किया गया।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**खुशहालनगर, महराजगंज।** घुघली विकासखंड के अंतर्गत रामपुर मोड़ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गाँधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के ब्लॉक प्रभारी घनश्याम गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष, गनी अंसारी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, मोहन यादव, श्रीकांत साहनी, दुर्ग विजय, विजय गुप्ता सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को महराजगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर जनसुनवाई कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पेंशन, आवास तथा अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा, ÷जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे जानने और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और लोगों को पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध हो। इस दौरान सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया भी मौजूद रहे। उनके साथ भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कैम्प कार्यालय पर सुबह लोगों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा और केंद्रीय मंत्री ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### गायब युवक का नहीं मिला सुराग, मां ने लगाई गुहार

**तुर्कपट्टी कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के छोटा सिकटा गांव निवासी एक युवक के लापता होने से परिवार परेशान है। कई दिनों तक खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर मां ने पुलिस से पुत्र की तलाश कराने की मांग की है। परिजन युवक के सकुशल मिलने की उम्मीद में लगातार प्रयास कर रहे हैं। छोटा सिकटा गांव की निवासी ललिता देवी पत्नी स्व. सुभाष तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका पुत्र राजन तिवारी (35) 11 जून 2026 की दोपहर घर से नोनियापट्टी जाने की बात कहकर निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के गांवों, रिश्तेदारों व परिचितों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। मां के अनुसार राजन तिवारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। ऐसे में उसके लंबे समय से लापता रहने से परिवार की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस से बेटे की तलाश कर उसे सकुशल बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने लोगों से अपील की है कि युवक के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

### किसानों को उर्वरक करायें उपलब्ध : जिलाधिकारी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी ने खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को उनकी जोत एवं फसल की आवश्यकता के अनुरूप समय से उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवररेटिंग, तस्करी एवं अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि यूरिया, डीएपी, एनपीके कॉम्प्लेक्स, एमओपी एवं अन्य उर्वरकों की बिक्री निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ही सुनिश्चित की जाए। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को उनकी कृषि जोत, फसल एवं आधार कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उर्वरकों की बिक्री के साथ किसी भी प्रकार के अन्य उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग न की जाए। यदि कोई विक्रेता किसानों को अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान दिवस में सुनीं गयीं जनसमस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने संयुक्त रूप से फरेंदा तहसील में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय, समाज कल्याण, कृषि सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।



अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पारिवारिक विवाद और महिला उत्पीड़न के मामलों में पीड़ित पक्ष की बात गंभीरता से सुनकर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने और शिकायतों पर तत्काल विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और आमजन को त्वरित न्याय व सुरक्षा प्रदान करना पुलिस की जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही का परिचय देना प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, तहसील प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने प्रबुद्ध वर्गों से की मुलाकात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे भाजपा के विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को सदर एवं सिसवा विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न प्रबुद्ध वर्गों के लोगों से संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की।

अभियान के दौरान उन्होंने चिकित्सा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित चिकित्सकों, व्यापारियों एवं समाज के अन्य गणमान्य लोगों से आत्मीय भेंट कर बीते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप देश ने स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है।

जनसंपर्क अभियान के क्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र के पुरैना में डॉ. सुभाष पांडेय से संपर्क कर स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सुधारों और विकसित भारत के साझा संकल्प पर चर्चा की। इसके बाद घुघली नगर में डॉ. डी.के. पांडेय तथा डॉ. के.के. अग्रहरी से भेंट कर केंद्र सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं आमजन को मिल रही सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने प्रतिष्ठित व्यवसायी श्याम सुंदर सुल्तानिया से भी मुलाकात कर व्यापार एवं उद्यम से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

# योग दिवस से पूर्व चला वृहद स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के पूर्व जनपद महराजगंज की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में शनिवार को वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना रहा।

अभियान के तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों, पंचायत भवनों, मनरेगा पार्कों, सार्वजनिक परिसरों तथा अन्य सामुदायिक स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई कराई गई।

वहीं नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में भी विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, बाजार क्षेत्रों, नालियों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की साफ-सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन से पहले स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में जनपदभर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता और योग दोनों स्वस्थ जीवनशैली के महत्वपूर्ण आधार हैं तथा इसी भावना के अनुरूप यह अभियान संचालित किया गया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक की मौत, एक घायल

**हाटा, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग फोरलेन पर शुक्रवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि बाइक सवार युवक हाटा से गोरखपुर की ओर जा रहा था। वह मझना नाला पार ही कर रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने पहले सड़क किनारे पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद वही वाहन बाइक सवार को भी अपनी चपेट में लेता हुआ फरार हो गया। हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने अहिरौली बाजार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक की पहचान विपिन सिंह (26) पुत्र मुसई, निवासी सितुहिया पोखरभिंडा, थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई।

# बेलवाडांडी में निकली कलश यात्रा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** स्थानीय बेलवाडांडी मोहल्ले में बरगद के पेड़ के पास नव निर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई, इस दौरान नगर भ्रमण के साथ मूर्ति मिलाप के साथ ही अन्नाधिवास का आयोजन रखा गया है, प्राण प्रतिष्ठा, हवन व वेदी पूजन 22 जून को व भंडारा व जागरण का आयोजन 23 जून को किया गया है।

श्रद्धालु इसकी तैयारियों में जुटे हैं। आयोजक मंडल के पदाधिकारी सभासद जगदीप श्रीवास्तव बुल्लाहे ने बताया कि शिव मंदिर बनने से मोहल्ले के श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा होगी और वे परिवार के साथ दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर में नियमित पूजन अर्चन और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। उन्होने श्रद्धालुओं से दिन में 11 बजे पहुंचकर पुण्य फल प्राप्त करने का आग्रह किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पुरोहित आचार्य जयप्रकाश उपाध्याय के साथ ही हनुमान मंदिर के पुरोहित द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।



आयोजक मंडल के पदाधिकारी आकर्ष श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव कक्कू, पिंटू श्रीवास्तव मनोज, कंचन प्रसाद श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सदर ब्लॉक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, प्रीति श्रीवास्तवा, पूनम श्रीवास्तवा, प्रतिभा श्रीवास्तवा, शशि गुप्ता, शिल्पी श्रीवास्तवा, पुष्पा श्रीवास्तवा, भाजपा नेत्री चंदा श्रीवास्तवा, बीना श्रीवास्तवा, माधुरी श्रीवास्तवा, नीतू श्रीवास्तवा, पूजा श्रीवास्तवा सहित अन्य मोहल्लेवासियों का सराहनीय योगदान रहा है।

# जिम्मेदारी से करें अपने दायित्वों का निर्वहन : डॉ. रोशन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की नोडल अधिकारी डा रोशन जैकब ने की। बैठक में उन्होने सर्वप्रथम 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियो से संबंधित की गयी कार्यवाही की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान डा रोशन जैकब ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

बैठक में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता, राजस्व व अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उत्तर प्रदेश शासन के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचिव



डॉ. रोशन जैकब ने संबंधित अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं के शीघ्र निस्तारण तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि प्रशासन की कार्यप्रणाली आमजन केंद्रित होनी चाहिए तथा प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ करें।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा डा रोशन जैकब द्वारा दिए गए निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात् अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में पहुँचकर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का जायजा लिया।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने किया। बैठक में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, सीएमओ डा राजीव निगम, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनंद कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी राजेश यादव, रश्मि यादव, शत्रुघ्न पाठक, उप कृषि निदेशक अशोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, डीपीआरओ धनश्याम सागर सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने की बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बस्ती मंडल की मासिक बैठक जो कि वर्षों से निरंतर से चली आ रही है बालमुकुंद मिश्रा मंडल अध्यक्ष बस्ती एवं प्रदेश संगठन सचिव उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में श्री कृष्णानंद पांडेय जिलाध्यक्ष बस्ती की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक को मंडल समन्वयक नसीबुल्लाह खान, मंडल सचिव हरिश्चंद्र उपाध्याय, जिला सचिव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश चंद्र मिश्रा, संयुक्त परिषद के शाखा मंत्री इंद्रजीत तिवारी, अशोक सिंह, गिरधारी मिश्रा, तिलक राम उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह, दूधनाथ यादव जिलाध्यक्ष संत कबीर नगर, दुर्गा प्रसाद कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संत कबीर नगर कृष्ण मोहन तिवारी, जिला सचिव संत कबीर नगर सुखराम, संगठन सचिव संत कबीर नगर राम नरेश दुबे, तहसील अध्यक्ष भानपुर श्री चंद्रिका प्रसाद पांडे तहसील कोषाध्यक्ष भानपुर महिला बिंग जिलाध्यक्ष बस्ती जया गोविल आदि ने संबोधित किया।

बालमुकुंद मिश्रा द्वारा अब तक के किए गए राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा किया जा रहा। सफल रणनीति के तहत तथा भविष्य में कोलकाता 1 जुलाई एवं 2 जुलाई के महासम्मेलन एवं पूरे देश में अलग अलग महासम्मेलन के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया तथा अभी तक के हुए कार्यों को सराहा ।सभी से संगठन एवं संघर्ष के विषय में हमेशा तत्पर रहने के लिए उन्हें याद दिलाया इस भीषण गर्मी के बावजूद भी पर्याप्त काफी संख्या में उपस्थिति होना इस बात को दर्शाता है की रावत साहब राजावत साहब आप संघर्ष करो हम आपके साथ हैं ।

अंत में कृष्णानंद पांडेय अपने अध्यक्षीय भाषण में सबको संगठन के लिए समर्पित रहने का वचन दोहराया और सभा का समापन किया गया।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** तहसील कप्तानगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संतोषजनक ढंग से किया जाए तथा राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 83 शिकायतें/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 14 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 69 प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को संदर्भित किया गया।

प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 64 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 14 का निस्तारण किया गया तथा 50 प्रकरण अवशेष रहे। पुलिस विभाग से संबंधित 04 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि विकास विभाग से संबंधित 01 शिकायत प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।



जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त पुलिस संबंधी शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला पंचायतराज अधिकारी, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी एवं पुलिस विभाग के साथ तहसील के अधिकारी /कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न सड़कों का हुआ लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा, कुशीनगर।** केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में देश के साथ गांवों का तेजी से विकास हो रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं, जिसने समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल रहा है।

ये बातें शनिवार को हाटा विधानसभा के गांव जमुआन में तीन करोड़ की लागत से बने विभिन्न सड़कों का लोकार्पण को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कही। उन्होंने ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार कुशीनगर के विकास के लिए हर संभव कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसे तमाम योजनाएं लोगों को मिल रहा है, जिससे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे जिले में सड़कों का जाल बिछा दिया है। स्थानीय विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार गांवों तक बेहतर सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाटा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है।



इस दौरान मंडल अध्यक्ष चंदपाल कनौजिया, संजय सिंह ‘मुन्ना, अखिलेश दास गुप्ता, रवीश सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, मुंशी सिंह, अर्जुन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में सुनीं गयीं समस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सदर तहसील परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सदर दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल 193 फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश के साथ भेजा गया। समाधान दिवस में जमीन विवाद, अवैध निर्माण, पैमाइश, नगर निगम कर, सड़क चौड़ीकरण और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने सभी फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, कानूनगो और लेखपाल मौजूद रहे। समाधान दिवस में जं. सालिकराम क्षेत्र के रामप्रसाद और रामपत ने अपनी जमीन पर हो रहे कथित अवैध निर्माण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि पर बिना वैध अधिकार के बैनामा कर निर्माण कराया जा रहा है, जबकि न्यायालय द्वारा पूर्व में आदेश निरस्त किया जा चुका है। इस पर एसडीएम ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

वहीं, ग्राम मंगलपुर निवासी बिन्द्रेश निषाद ने सड़क चौड़ीकरण के दौरान प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल तोड़े जाने की शिकायत उठाई। उनका कहना था कि बाउंड्रीवाल टूटने से विद्यालय खुले में हो गया है, जिससे बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कारण दो बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना भी हो चुकी है। एसडीएम ने संबंधित विभाग को तत्काल जांच कर बाउंड्रीवाल निर्माण कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर निस्तारित करें और शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।



# विकास परियोजनाओं को लेकर डीएम सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जनपद में चल रही 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विकास भवन सभागार में अहम बैठक की। बैठक में डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में गोरखपुर में तेजी से चल रहे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट्स की विस्तृत समीक्षा की गई। इनमें 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, 'नया गोरखपुर' परियोजना के तहत विकसित हो रही गुरुकुल सिटी की सड़कें, विरासत गलियारा और चार नए कल्याण मंडपम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखपुर का तेजी से हो रहा शहरी विस्तार बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग करता है, ऐसे में सभी परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में 100 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (ढ्ढस्क्चञ्ज) की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। यह टर्मिनल लगभग 14,416 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डीएम ने निर्देश दिया कि इस परियोजना को समय से पूरा कर शहर की परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए।

इसके अलावा 'नया गोरखपुर' परियोजना के तहत गुरुकुल सिटी में विकसित हो रही सड़कों की भी समीक्षा की गई। लगभग 19.55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन सड़कों को शहर के भविष्य के विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया। डीएम ने कहा कि यह परियोजना शहर के सुनियोजित विकास की आधारशिला साबित होगी। असुरन से पादरी बाजार होते हुए पिपराइच तक बन रहे 19.4 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई। यह मार्ग शहर के यातायात दबाव को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। डीएम ने इस परियोजना में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को संवारने के लिए नखास चौक क्षेत्र में बन रहे विरासत गलियारा (हेरिटेज कॉरिडोर) को भी प्राथमिकता में रखा गया।

# युवती का मिला शव हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवती की लाश जंगल किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पर धारदार हथियार से कई वार के निशान मिलने के बाद पुलिस इसे निर्मम हत्या का मामला मानकर जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह के समय जब ग्रामीण जंगल की ओर गए तो उन्होंने एक युवती का शव पड़ा देखा। शव की हालत देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवती के शरीर पर कई जगह चाकू से गोदने के गहरे निशान हैं, जिससे उसकी हत्या की पुष्टि हो रही है। पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल किनारे लाकर फेंक दिया गया।

फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदगी के मामलों का विवरण खंगाल रही है, ताकि शव की शिनाख्त कराई जा सके। इसके साथ ही, घटनास्थल के आसपास के इलाकों में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के टडवा कला मे शुक्रवार को सुबह छः बजे के करीब मनबढो ने बच्चो के विवाद को लेकर मनबढो ने पांच लोगो को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमे पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ के दर्ज कर तलाश मे जुटी हुई थी। शनिवार को दोपहर 12.10 बजे के को थानेदार संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व मे चौकी इंचार्ज प्रीतेश तिवारी उप निरीक्षक आभान्स मिश्रा कास्टेबिल् संदीप, अवनिश, राम क्रेशन संदिग्ध और वारन्टीओकी तलाश मे गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की हत्या के प्रयास के दो अभियुक्त मुनिश चन्द्र, और आनन्द यादव गीडा सेक्टर 26 मे मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। और दोनों अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पुलिस लाइन में चला वृहद स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें डीजी/अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चिनप्पा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने स्वयं भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और पुलिसकर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान पूरे परिसर में साफ-सफाई की गई और कूड़ा-कचरा हटाकर वातावरण को स्वच्छ बनाया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे दैनिक आदत में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यस्थल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी साफ-सुथरा रखें और कूड़ा हमेशा निर्धारित स्थान पर ही डालें।



वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और समाज में भी इसके प्रति संदेश फैलाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाती है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। ऐसे में स्वच्छता जैसे जनहित के विषय पर पुलिस की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।

अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल, क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन्स अरुण कुमार एस सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परिसर को साफ-सुथरा बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस अभियान से न केवल पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ, बल्कि पुलिसकर्मियों में भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का भाव मजबूत हुआ। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पूर्वांचल के आम विरासत को देगें नई पहचान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** पूर्वांचल की मिट्टी में बसी आम की मिठास, इसकी परंपरागत प्रजातियों की विशिष्ट सुगंध और पीढ़ियों से चली आ रही आम उत्पादन की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक निधि, इंटेक गोरखपुर अध्याय की ओर से रविवार को गोरखपुर क्लब के



सभागार में चतुर्थ आम महोत्सव ÷गोरखपुर आम महोत्सव÷ का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव आम की प्रदर्शनी के साथ पूर्वांचल की कृषि परंपरा, स्थानीय स्वाद, जैव विविधता, घरेलू ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
भारतीय सांस्कृतिक निधि, इंटेक, मूर्त और अमूर्त विरासतों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली प्रतिष्ठित संस्था है, जिसका एक सक्रिय अध्याय गोरखपुर में भी कार्यरत है। पूर्वांचल की भूमि सदियों से आम उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र रही है।

आयोजक मंडल में अचिंत्य लहरी, डॉ. मुमताज खान, प्रो. शिवशरण दास, महावीर कंदोई और नीरज अस्थाना प्रमुख रूप से जुड़े हैं। आयोजन से संबंधित तैयारियों और महोत्सव की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए आयोजकों ने बैठक कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की।

महोत्सव दो सत्रों में आयोजित होगा। पहला सत्र तकनीकी सत्र के रूप में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चलेगा, जिसमें ÷पूर्वी उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में आम = विविधता एवं उत्पादन÷ विषय पर परिचर्चा होगी। इस सत्र में पूर्वांचल की प्रचलित आम प्रजातियों, उनके संरक्षण की चुनौतियों, उत्पादन की संभावनाओं, बागवानी तकनीक, रोग-कीट प्रबंधन, घरेलू उपयोग, प्रसंस्करण और आम उत्पादकों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा की जाएगी।

तकनीकी सत्र में आईसीएआर रहमानखेड़ा, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आशीष यादव आम की विविधता, वैज्ञानिक उत्पादन पद्धति और स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेषज्ञ उद्बोधन देंगे। जिला उद्यान अधिकारी गोरखपुर पारसनाथ उद्यान विभाग की योजनाओं, सरकारी सहयोग, बागवानी की संभावनाओं और आम उत्पादकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डालेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव आम उत्पादन में वैज्ञानिक तरीकों, पौध संरक्षण, रोग-कीट प्रबंधन और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों की जानकारी देंगे।

वहीं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की डॉ. अनुपमा कौशिक आम के पोषणीय महत्व, घरेलू उपयोग, आम आधारित उत्पादों और घरों में तैयार किए जा सकने वाले व्यंजनों पर उपयोगी जानकारी साझा करेंगी।

# शोधार्थी ने विकसित की नयी तकनीक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के एक शोधार्थी ने नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ऐसी उन्नत ग्रेडिंग तकनीक विकसित की है, जो अगली पीढ़ी के सौर सेल की दक्षता, स्थिरता तथा पर्यावरणीय अनुकूलता में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है।

भौतिकी एवं मैटेरियल साइंस विभाग के शोधार्थी आकाश आनंद वर्मा ने यह शोध कार्य प्रो. डी. के. द्विवेदी के निर्देशन में सम्पन्न किया। यह अध्ययन लेड-फ्री पेरोव्स्काइट सोलर सेल्स की कुशलता को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह उभरती हुई सौर तकनीक विषैले लेड के उपयोग को समाप्त करती है तथा पारंपरिक उच्च-दक्षता वाले सौर सेल्स की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करती है।

शोध में पाया गया कि पैराबोलिक बैंडगैप ग्रेडिंग की नवीन पद्धति प्रकाश अवशोषण को बढ़ाती है तथा सौर सेल के भीतर विद्युत



करेंट के तीव्र एवं अधिक प्रभावी परिवहन को संभव बनाती है। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा क्षरण में उल्लेखनीय कमी आती है और पावर कन्वर्ज़न एफिशिएंसी (ऊर्जा के एक रूप से दूसरे रुप रूपांतरण) में वृद्धि होती है। यह तकनीक समान मात्रा के सूर्यप्रकाश से अधिक विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम है, जिससे सौर ऊर्जा प्रणालियाँ अधिक उत्पादक और लागत-प्रभावी बन सकती हैं।

दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ यह नवाचार गैर-विषैले पदार्थों के उपयोग को प्रोत्साहित कर सतत ऊर्जा विकास को भी बढ़ावा देता है तथा वर्तमान सौर ऊर्जा उत्पादन के नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है। यह तकनीक कम लागत वाले, उच्च-क्षमता के सौर पैनलों के विकास में सहायक हो सकती है, जो कम प्रकाश की परिस्थितियों में भी विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्ध करा सकें। इससे शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच का विस्तार संभव होगा।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शोधार्थी आकाश आनंद वर्मा एवं उनके शोध निर्देशक प्रो. डी. के. द्विवेदी को बधाई दी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को पूरे जनपद में भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य जनपदीय कार्यक्रम महंत दिग्विजयनाथ पार्क में प्रातः 6 बजे से आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के जल शक्ति मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 'स्वस्थ आयु के लिए करें योग' थीम पर आधारित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में आमजन सहभागिता करेंगे।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इस अवसर पर जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का माध्यम है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास करने का आग्रह किया, ताकि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सके। उन्होंने कहा कि योग भारतीय परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं।

प्रशासन की ओर से योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। मुख्य कार्यक्रम स्थल दिग्विजयनाथ पार्क में प्रतिभागियों की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा और चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही, विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि योग दिवस का आयोजन केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तहसील, ब्लॉक, नगर निकाय और ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक रूप से किया जाएगा। इन सभी स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

योग दिवस को लेकर लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाएं और सामाजिक संगठन इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि यह आयोजन न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम बने, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी साबित हो।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन के माध्यम से जनपद में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और योग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस पहल से बड़ी संख्या में लोग योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

## योग शिविर आयोजित

**सहजनवां, गोरखपुर।** आईजीएल के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर साप्ताहिक शिविर पर एक विशेष योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग से आए प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक मिथिलेश कुमार एवं सुधाकर द्वारा कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय, एच आर व् एडमिन हेड दशरथ मिश्रा व् योग प्रशिक्षकों एवं अन्य द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसके पश्चात सभी उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक प्रार्थना की गई। इसके बाद योग शिविर प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस आयोजन में युटिलिटी हेड ए. के. सिंह, इंजीनियरिंग हेड शैलेश चंद, अकाउंट्स हेड सुनील कुमार, आईटी हेड जे. के. राय सहित जगदीश चंद धाकड़, अमित कश्यप एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कैडेट्ों ने सीखा शस्त्र संचालन का कौशल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** 44 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी के नेतृत्व में 19 जून से भोलाराम मस्कारा इंटर कॉलेज, सहजनवा में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैडेट्स को शस्त्र संचालन एवं फायरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स में विशेष उत्साह एवं अनुशासन देखने को मिला।

शिविर में कैडेट्स को .22 रायफल के विभिन्न भागों की जानकारी देते हुए उसे खोलने, जोड़ने तथा सुरक्षित एवं सही पोजीशन में फायरिंग करने की तकनीक सिखाई गई। प्रशिक्षकों ने हथियारों के सुरक्षित उपयोग, रखरखाव एवं फायरिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



शस्त्र एवं फायरिंग प्रशिक्षण के उपरांत एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स (्रहृह) द्वारा विभिन्न लेक्चर पोस्टों पर कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए। लेक्चर सत्र का संचालन चीफ ऑफिसर अनिल गुप्ता एवं सेकेंड ऑफिसर सूर्य प्रताप सिंह द्वारा किया गया। साथ ही सेना में ऑफिसर एंट्री कैसे होती है, कब होती है, और एस.एस.बी इंटरव्यू की कैंप कमांडेंट द्वारा कैडेट्स को दी गई।

शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने कैडेट्स को प्रशिक्षण के प्रत्येक पहलू को गंभीरता से सीखने तथा अपने व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए शिविर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## पुराने मुकदमों के निस्तारण पर दिया जाएं जोर

**सहजनवां, गोरखपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सभागार कक्ष में शनिवार को तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी राजस्व लेखपाल उपस्थित रहे। तहसीलदार ने पिछले वर्ष के लंबित राजस्व मुकदमों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। आबादी भूमि से जुड़े विवादित मामलों के निपटारे के लिए विशेष टीम गठित करने को कहा गया। भूमि विभाग से संबंधित कार्यों में 95त्न बैकलॉग क्लियर करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंन कहा कि विभाग द्वारा अब तक 90त्न कार्यों को पूरा कर लिया गया है। शेष विवादित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। इस दौरान नायब तहसीदार नील सिंह, राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार, सतीश त्रिपाठी, लेखपाल रतनेश मनी त्रिपाठी, संजय वर्मा, अरविंद झा, दुर्विजय यादव, अनमोल सिंह, वरूण सिंह, प्रणव, राहुल,मानीषा, जितेंद्र, सहित अनेक राजे कर्मी मौजूद थे।

# ०३ सड़कें जनता को समर्पित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत बड़हलगंज के वार्ड नम्बर 05, श्याम नगर में शासन के 15वाँ वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त करीब 35 लाख रूपए की लगत से निर्मित 03 सड़कें जनता को समर्पित की गयी।

विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत बड़हलगंज में चल रहे अनवरत विकास कार्यों की श्रृंखला से विपक्षी बौखला गए हैं और अनर्गल प्रलाप में लग गए है। विरोधियों के प्रलाप का सटीक जवाब चेयरमैन प्रीति उमर अपने विकास कार्यों से दे रही है। चिल्लूपार में विकास कार्यों की श्रृंखला के लिये हम अपने मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते है।

बता दे कि नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 05, श्याम नगर में प्रदेश सरकार के 15वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त 9.4 लाख की धनराशि द्वारा राम जानकी मार्ग से गामा के घर तक ढक्कनदार नाली एवं सीसी रोड का निर्माण का कार्य कराया गया, इसी तरह राज्य वित्त आयोग 2025/2026 द्वारा प्राप्त धनराशि वर्ष के माध्यम से 14.10 लाख की लागत द्वारा टिकोरी के मकान से प्रेम के मकान तक और 9.46लाख की धनराशि से अमर मिश्रा के घर से काली माता मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया गया।



गांव में तीन सड़कों की श्रृंखला के लोकार्पण से ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद राजीव मिश्रा, दीपक शर्मा, अमूल्य चतुर्वेदी, राकेश राय, दीपक गौड़, वीरेंद्र वीरू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, महामंत्री राजकुमार निगम, बृजेश उमर, राजवेद तिवारी, मानस त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय तिवारी, आनन्द त्रिपाठी, प्रशांत शाही आदि मौजूद थे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज, जौनपुर।

पत्रांकः 247/ पं० के०वि०/ टेन्डर/2026-27/ दिनांक 19/06/26

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त व पन्द्रहवाँ केन्द्रीय वित्त क्षेत्र पंचायत अंश के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि में से निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री हेतु पंजीकृत आपुर्ति कर्ताओं फर्मों से जिनका पंजीयन व्यापार कर एवं आयकर में हो, उनसे निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्र पंचायत कार्यालय से दिनांक 20.06.2026 से 04.07.2026 तक अपरान्ह 01:30 बजे तक क्रय किया जा सकता है, तथा उसी दिन 03:00 बजे तक टेन्डर फार्म पूर्ण रूपेण भरकर समस्त आवश्यक प्रपत्रों सहित प्राप्त कराये जा सकते हैं, एंव निविदा दिनांक 04.07.2026 तक जमा किये गये समस्त निविदा दाताओं के समक्ष या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के द्वारा क्षेत्र पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य 500 रूपया है।

**कार्यों की सूची**

**विकास खण्ड-मुफ्तीगंज,** **जनपद-जौनपुर**

| क्र0सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | माप |
|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड | कार्यालय में रंगाई, पुताई, पेन्टिंग कायाकल्प का कार्य | |
| 2 | विकास खण्ड | बड़े हाल का कायाकल्प व सुन्दरीकरण कार्य | |
| 3 | विकास खण्ड | प्रमुख कक्ष का मरम्मत व सुन्दरीकरण | |
| 4 | विकास खण्ड | विकास खण्ड का सुन्दरीकरण | |
| 5 | विकास खण्ड | सहायक विकास अधिकारी कक्ष का मरम्मत व सुन्दरीकरण | |
| 6 | विकास खण्ड | छोटे हाल का मरम्मत व सुन्दरीकरण | |
| 7 | विकास खण्ड | विकास खण्ड में इण्टरलाकिंग कार्य | |
| 8 | विकास खण्ड | वि0खं0 परिसर में बाल विकास परियोजना कक्ष में मरम्मत व सुन्दरीकरण कार्य | |
| 9 | अहन | दिनेश विश्वकर्मा के घर से नन्हकू पाल के घर तक खडंजा मरम्मत | 600 मी0 |
| 10 | | रामअवध सरोज के घर से हंसा सरोज के घर तक खडंजा मरम्मत | 900 मी0 |
| 11 | कदहरा | पिच रोड से हवलदार यादव के घर तक खडंजा मरम्मत | 200 मी0 |
| 12 | | विक्रमपुर प्रा0 वि0 से सोहन यादव के घर तक खडंजा मरम्मत | 300 मी0 |
| 13 | देवकली | बच्चा पाठक के घर से कोरी यादव के घर तक खडंजा मरम्मत | 500 मी0 |
| 14 | बलईपुर | रामनरायन के घर से दिनेश मुसहर के घर तक नाली ख0म0 | 400 मी0 |
| 15 | | पिच रोड से श्यामजी यादव के घर तक खडंजा मरम्मत | 400 मी0 |
| 16 | विजयीपुर | पिच रोड से अजित पाठक के मशीन तक खडंजा मरम्मत | 350 मी0 |
| 17 | बेलाव | पठखौली पिच रोड से महादेव मंदिर तक खड़ंजा मरम्मत | 250 मी0 |
| 18 | उदियासन | इकरार के घर से लालचन्द के घर से होते हुए ख0म0 व नाली निर्माण | 300 मी0 |
| 19 | | मुरारी सेठ के मकान से सकील अहमद के घर हाते हुए गुलाब रब्बानी के घर तक नाली मरम्मत | 120 मी0 |
| 20 | जमुआरी | पिच रोड से प्राइमरी स्कूल तक खडंजा मरम्मत | 200 मी0 |
| 21 | | डब्बर यादव के घर से रामधर यादव के घर तक खडंजा मरम्मत | 500 मी0 |
| 22 | | पंचायत भवन से सुरेश के घर तक खडंजा मरम्मत | 300 मी0 |
| 23 | सोसापट्टी | पिच रोड से भीम के घर तक खडंजा मरम्मत | 200 मी0 |
| 24 | | पिच रोड से पनारू के घर तक खडंजा मरम्मत | 170 मी0 |
| 25 | अमरा | संजय के घर से इन्द्रबली के घर तक खडंजा मरम्मत | 400 मी0 |
| 26 | असवारा | रामअवध के घर राजनाथ मुसहर के घर तक ख0म0 | 300 मी0 |
| 27 | सुरैला | धानापरु में पिच रोड से नेता राय तालाब तक खडंजा मरम्मत | 400 मी0 |
| 28 | भदेवरा | सड़क से अनिल चौहान के घर तक खण्डंजा मरम्मत | 800 मी0 |
| 29 | भदेवरा | चन्द्रहास के घर से पिच रोड तक खडंजा मरम्मत | 450 मी0 |
| 30 | पेसारा | रमाशंकर चौहान के घर से रामा चौहान के घर तक खडंजा मरम्मत | 200 मी0 |
| 31 | कुण्डी | सर्वेश राय के घर से मेवा राम के घर तक खडंजा मरम्मत | 250 मी0 |
| 32 | अहन | राकेश यादव के घर से नाले तक नाली निर्माण | 250 मी0 |
| 33 | कदहरा | पिच रोड से मुन्ना प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200 मी0 |
| 34 | | खटहरागेट से राजेन्द्र के घर तक नाली निर्माण | 250 मी0 |
| 35 | लक्ष्टेपुर | राजु भारती के घर छोटई के घर तक इण्टरलाकिंग | 200 मी0 |
| 36 | | लखन के घर से नाला तक नाली निर्माण | 200 मी0 |
| 37 | घुरहुपुर | इण्टरलाकिंग से सत्ती माता मंदिर तक माडल खडंजा | 150 मी0 |
| 38 | | प्रिन्स के तालाब से राजेश सिंह के खेत तक माडल खंडजा | 150 मी0 |
| 39 | देवकली | मेन रोड से मुसे यादव के घर तक माडल खडंजा | 200 मी0 |
| 40 | पसेवा | लल्लन यादव के घर से सुरेन्द्र विश्वकर्मा के घर तक माडल खडंजा | 300 मी0 |
| 41 | | रामप्रसाद सरोज के मशीन से हरिशंकर सिंह के खेत तक मा0ख0 | 150 मी0 |
| 42 | | रोड से कालीका माता प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 43 | | रोड से डीह बाबा तक इण्टरलाकिंग | 250 मी0 |
| 44 | | दीपक के घर के सामने नाले पर पानी निकासी हेतु पुलिया | 150 मी0 |
| 45 | बलईपुर | बैरगिया में त्रिभुवन के घर से संता के घर तक खडंजा | 250 मी0 |
| 46 | | रामनरायन के घर से दिनेश मुसहर के घर तक नाली ख0म0 | 400 मी0 |
| 47 | कटहरी | पिच रोड से प्रजापति बस्ती तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 48 | बीरमपुर | शोभनाथ सिंह के घर से अन्त्येष्टी स्थल तक माडल खडंजा | 250 मी0 |
| 49 | | दुर्गा माता मंदिर से नाले तक नाली निर्माण कार्य | 150 मी0 |
| 50 | | मुस्लिम बस्ती से नाले तक नाली निर्माण कार्य | 180 मी0 |
| 51 | | अरूण सिंह के घर के पीछे से स्वतंत्र सिंह के खेत तक स्मार्ट खडंजा | 150 मी0 |
| 52 | विजयीपुर | इण्टरलाकिंग से एनम सेन्टर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 300 मी0 |
| 53 | | कपिलमुनी के घर से बबलू के घर हाते हुए नाला तक नाली निर्माण | 300 मी0 |
| 54 | | पिच रोड से जुनियर स्कूल तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 55 | | पिच रोड से नागेन्द्र दीक्षित के घर तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 56 | मटियारी | पिच रोड से महेन्द्र यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 50 मी0 |
| 57 | बेलाव | अखिलेश के घर से अवधू के खेत तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 58 | | महादेव मंदिर पर पुलिया निर्माण | 1 नग |
| 59 | भोगीपट्टी | मनोज तिवारी के घर से सुचितपुर पिच रोड तक मा0ख0 | 200 मी0 |
| 60 | | हीरा मौर्या के घर से केशनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 61 | | रामदवर के खेत से संतोष के घर तक नाली निर्माण | 100 मी0 |
| 62 | गद्दीपुर | सुचितपुर रोड से जयप्रकाश रोय के घर तक इण्टरलाकिंग | 50 मी0 |
| 63 | देवाकलपुर | प्रा0वि0 से पंचायत भवन तक इण्टरलाकिंग कार्य | 50 मी0 |
| 64 | उदियासन | मेन रोड से प्रदीप के घर तक नाली निर्माण एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 70 मी0 |
| 65 | | इकरार के घर से लालचन्द के घर से हाते हुए ख0म0 व नाली निर्माण | 300 मी0 |
| 66 | | जावेद हाशमी के घर से परवेज हाशमी के घर तक नाली निर्माण | 70 मी0 |
| 67 | | मुरारी सेठ के मकान से सकील अहमद के घर हाते हुए गुलाब रब्बानी के घर तक नाली मरम्मत | 120 मी0 |
| 68 | जमुआरी | पिच रोड से रामजियावन के घर तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 69 | | सुरेश राय के खेत से चंदा सरोज के खेत तक खडंजा | 200 मी0 |
| 70 | बगथरी | पिच रोड से जिया हरिजन के घर तक इ0 | 60 मी0 |
| 71 | कुण्डी | जिलेदार के घर से राजपत मौर्या के घर तक मा0ख0 | 120 मी0 |
| 72 | | मेवा शर्मा के घर से विनोद राय के खेत तक खडंजा कार्य | 120 मी0 |
| 73 | | विनोद राय के खेत से पिच मार्ग तक खडंजा कार्य | 250 मी0 |
| 74 | शहाबुद्दीनपुर | सामुदायिक शौचालय से नाला तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 75 | निशान | नहर से रामजनम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 115 मी0 |
| 76 | | रामबृज यादव के मशीन से नाले तक नाली निर्माण कार्य | 180 मी0 |
| 77 | रामपुर | राकेश राम के घर से पोखरी तक नाली निर्माण | 300 मी0 |
| 78 | | रामबचन सरोज के घर से फूलचन्द यादव के पाही तक खडंजा | 150 मी0 |
| 79 | हनुआडीह | संजय दुबे के घर से रामप्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 80 | रसलू पुर औझनिया | शकर पाल के घर से पिच रोड तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 81 | | रायसाहब के घर से नाला तक नाली निर्माण | 150 मी0 |
| 82 | | शिवबचन के खेत से छोटेलाल के घर तक इण्टरलाकिंग | 140 मी0 |
| 83 | | आरआरसी रोड से नाला तक नाली निर्माण | 130 मी0 |
| 84 | कन्हौली | मुफ्तीगंज बैरिया पिच रोड से सीसी राडे रामचन्दर के घर तक इण्टरलाकिंग | 75 मी0 |
| 85 | बिझवार सागर | पिच रोड से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 86 | मुर्तजाबाद | रोड से इकबाल राय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 120 मी0 |
| 87 | मुरारा | विशेष मुसहर के घर से नहर तक नाली निर्माण | 150 मी0 |
| 88 | | बच्चन चौहान के घर से नाले तक नाली निर्माण | 250 मी0 |
| 89 | अमरा | नहर से मूलचन्द मौर्य के घर इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी0 |
| 90 | | सुबाष मिश्रा के घर से बुद्धु यादव के घर तक इ0का0 | 120 मी0 |
| 91 | असवारा | अमरा सरहद से असवारा सरहद तक नाली निर्माण | 150 मी0 |
| 92 | | पारस गुप्ता के घर से मंदिर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 93 | सकरा | कैलाश के मकान से बन्धवा पुलिया तक खडंजा कार्य | 350 मी0 |
| 94 | | रोड से जू0हा0स्कूल तक इण्टरलाकिंग कार्य | 120 मी0 |
| 95 | सुरैला | पिच रोड से सुनील के खेत तक नाली निर्माण | 200 मी0 |
| 96 | | धानापरु हरिजन बस्ती से धूरिया नाला तक नाली निर्माण | 200 मी0 |
| 97 | भदेवरा | सहादत के खेत से रामनिवास के खेत तक इ0 | 150 मी0 |
| 98 | | विनय चौबे के घर से अभयराज पाण्डेय के खेत तक इ0 | 150 मी0 |
| 99 | | अशोक के खेत से रामअवतार सिंह के स्कूल तक इ0 | 150 मी0 |
| 100 | | सोनू पाठक के घर से विमल सिंह के मशीन तक खडंजा कार्य | 300 मी0 |
| 101 | | गनपत के घर से अनिल चौहान के बगल तक नाली निर्माण | 200 मी0 |
| 102 | बारी | पिच रोड से काली माता मंदिर तक माडल खडंजा | 100 मी0 |
| 103 | भुइली | मुन्ना के घर से गोड़हरा मार्ग तिराहे पर पुलिया तक नाली | 200 मी0 |
| 104 | | मुन्नी देवी के घर से पोखरी तक नाली | 150 मी0 |
| 105 | | सरखू के घर से राजबहादुर के घर तक खडंजा | 140 मी0 |
| 106 | | सुन्नर के घर से मुन्नी मौर्या के घर तक खडंजा | 100 मी0 |
| 107 | काकोरी | संतोष सिंह के खेत से पंधारी के घर तक | 250 मी0 |
| 108 | | मनक यादव के खेत से मंगरू यादव के मशीन तक खडंजा | 350 मी0 |
| 109 | | बरखू यादव के घर से पिच रोड तक इण्टरलाकिंग | 50 मी0 |
| 110 | पेसारा | अभिषेक चौहान के घर से चन्द्रिका सरोज के घर तक नाली निर्माण | 250 मी0 |
| 111 | | हवलदार के घर से बाहा तक नाली निर्माण | 250 मी0 |
| 112 | | आशिक इकबाल के घर से पोखरी तक नाली निर्माण | 120 मी0 |
| 113 | | शीतला राय के मशीन से अरविन्द राय के घर तक खडंजा | 450 मी0 |
| 114 | सूरतपुर | बिरेन्द्र यादव के घर से रामबृज यादव के घर तक खडंजा कार्य | 150 मी0 |
| 115 | पौनी | बृजेश के मकान से नाला तक नाली निर्माण | 200 मी0 |
| 116 | उमरी | खडंजा से मनीष सिंह के घर तक इ0 | 50 मी0 |
| 117 | | मुख्तार के घर से शंकर पाण्डेय के मकान तक इण्टरलाकिंग | 40 मी0 |
| 118 | भौसिंहपुर | तुफानी के घर से श्रीवास्तव के घर तक माडल खडंजा | 200 मी0 |
| 119 | | विनय मौर्य के घर से नाला तक नाली निर्माण | 100 मी0 |
| 120 | पतौरा | रामनाथ यादव के घर से गनपत यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 121 | | पिच रोड से लल्लन यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 100 मी0 |
| 122 | | हनुमान मंदिर के पिच रोड से बिसुन यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 123 | खटहरा | सीसी रोड से अली हसन के घर तक सीसी निर्माण | 110 मी0 |
| 124 | मेहौडा. | पिच रोड से प्रकाश चन्द यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 125 | सर्की | विजयी यादव के घर से राममुरत सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग | 200 मी0 |
| 126 | | मेन रोड से बुढउ बाबा मंदिर तक खडंजा | 100 मी0 |
| 127 | | सर्की केराकत रोड से डीह बाबा मंदिर तक इण्टरलाकिंग | 120 मी0 |
| 128 | मुर्की | ऐहतेशाम के घर से बनियवा पिच मार्ग खडंजा | 300 मी0 |
| 129 | | कल्पनाथ के घर से जनार्दन चैहान के घर तक नाली निर्माण | 100 मी0 |
| 130 | बंजारेपुर | जुमा मस्जिद से अफताब हाफिजी के घर तक इ0 | 120 मी0 |
| 131 | सकरा | पिच रोड से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग कार्य | 120 मी0 |
| 132 | सूरतपुर | पिच रोड से कल्लू यादव के घर तक खडंजा कार्य | 100 मी0 |
| 133 | उमरी | मुन्ना सिंह के घर से संजय सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 134 | बीरमपुर | इण्टरलाकिंग से संजय सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग | 150 मी0 |
| 135 | बीरमपुर | इण्टरलाकिंग से सोनू सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग | 200 मी0 |
| 136 | बीरमपुर | पिच रोड से प्रदीप सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग | 250 मी0 |
| 137 | भदेवरा | कैलाश चौहन के घर से नाला तक नाली निमार्ण कार्य | 210 मी0 |
| 138 | विभिन्न ग्राम पंचायत | सार्वजनिक स्थानो पर हाईमास्क लाइट | आवश्यकतानुसार |
| 139 | विभिन्न ग्राम पंचायत | सार्वजनिक स्थानो पर वाटर कूलर, स्ट्रीट लाइट | आवश्यकतानुसार |
| 140 | सकरा | पिच रोड से अरविन्द चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 150 मी0 |

**प्रतिबन्ध एवं शर्तेः-**

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद सुचित की जायेगी।
2- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
3- सामग्री आपूर्ति की दर लोक निर्माण विभाग की दर से अधिक न हो।
4- स्वीकृत निविदा आपूर्ति कर्ता को 10 प्रतिशत धरोहर राशि सामग्री आपूर्ति के पूर्व जमा करनी होगी ।
5- आपूर्ति कर्ता को भुगतान करते समय C-G.S.T. & S-G.S.T / आयकर की धनराशि कटौती नियमानुसार की जायेगी एवं प्रस्तुत बिल / वाउचर में C-G.S.T. & S-G.S.T / आयकर की धनराशि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए।
6- आपूर्ति कर्ता से की धनराशि जो कटौती की जायेगी, आपूर्ति कर्ता द्वारा समाधान विवरण / टैक्स विववरण प्रस्तुत करने पर ही नियमानुसार भुगतान किया जायेगा ।
7- सामग्री आपूर्ति की दर स्वीकृत होने तथा निर्धारित समय सीमान्तर्गत न किये जाने पर धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
8-निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत फार्म पर ओवरराइटिंग या कटिंग मान्य नहीं होगी तथा ऐसी स्थिति में बिना कोई विचार किये निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
9- समस्त अथवा किसी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10 - विस्तृत प्रतिबन्ध एवं शर्ते निविदा प्रपत्र पर उल्लिखित है, जिनका अनुपालन टेन्डरदायी फर्मों को करना होगा।
11- किन्ही कारणों से निर्धारित तिथि पर निविदा न खुल पाने की स्थिति में अगली तिथि नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।
12- सामग्री आपूर्ति कार्यस्थल पर की जायेगी उसके पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
13- निविदा दाता विकास खण्ड के किसी कर्मचारी / अधिकारी / प्रमुख का सगा सम्बन्धी नहीं होना चाहिए।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मुफ्तीगंज, जौनपुर।**



# भारतीय रेल के पहियों को गति देने वाले लोको पायलटों ने रक्तदान कर पेश की इंसानियत की मिसाल

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** भारतीय रेलवे की रीढ़ कहे जाने वाले और ट्रेनों को सुरक्षित मंजिल तक पहुंचाने वाले लोको पायलटों ने आज पटरियों से इतर सामाजिक सरोकार की एक नई इबारत लिख दी। सुरक्षित सफर की जिम्मेदारी उठाने वाले इन रेलकर्मियों ने एक बार फिर अपने रक्त से दूसरों को जीवनदान देने का संकल्प पूरा किया। लॉबी प्रयागराज के तत्वावधान में आज एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लॉबी प्रयागराज एवं प्रयागराज छिवकी से




जुड़े बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ ने अत्यंत उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया । कठिन ड्यूटी और कड़े शेड्यूल के बावजूद रनिंग स्टाफ ने समय निकाला और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान किया। रक्तदान कर लोको पायलटों ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल देश की अर्थव्यवस्था और यात्रियों को गति नहीं देते, बल्कि उनके दिलों में मानवता के लिए भी गहरी संवेदना है। शिविर के मुख्य संचालनकर्ता वासुदेव पाण्डेय मुख्य क्रू नियंत्रक सामान्य ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और रनिंग कर्मचारियों द्वारा नियमित रक्तदान के विगत 7 वर्षों के इतिहास को बताते हुए कहा कि लोको पायलट न केवल रेल की पटरियों पर देश की धड़कन को बनाए रखते हैं, बल्कि इस तरह के पुनीत कार्य करके वे समाज के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता भी जाहिर करते हैं इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की चिकित्साधिकारी डाक्टर अर्चना मिश्रा, कोआर्डिनेटर नागेन्द्र प्रधान महिला प्रभारी ममता द्विवेदी ने रेलवे के लोको पायलटों द्वारा जनहित में स्वैच्छिक रूप से नियमित कराए जा रहे रक्तदान को नोबल कार्य बताया।

वासुदेव पाण्डेय मुख्य क्रू नियंत्रक सामान्य प्रयागराज के अगुवाई में वी के गर्ग मुख्य क्रू नियंत्रक परि. प्रयागराज,एस एन द्विवेदी मुख्य क्रू नियंत्रक परिचालन छिवकी, यू.बी सिंह मुख्य लोको निरीक्षक छिवकी के साथ लोको पायलटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया जे पी पाण्डेय, राज कुमार गुप्ता, एस एस गुप्ता अखण्ड प्रताप सिंह, वरुण कुमार, एस पी तिवारी, दिनेश चौधरी, राधेमोहन मौर्या, आदिल, राजीव कुमार यादव, रत्नाकर ,शशांक पांडेय, पी एन चौहान, रजत शर्मा, नरेंद्र कुमार द्वितीय, राम प्रकाश, राम राज वर्मा, रजनीश कुमार,आयुष्मान ऋषि, सौरभ मिश्रा, जय सिंह मौर्य, पवन कुमार मौर्य, राधेश्याम सिंह, दीपक कुमार, सर्वेश कुमार सिंह बीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रणव तिवारी, पुनीत शुक्ला, सुमित रंजन आदि प्रमुख रहे !

## नीट परीक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल ने की व्यापक तैयारियाँ, स्टेशन पर स्थापित किए गए हेल्प डेस्क

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-2026) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देश पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। मण्डल कार्यालय स्थित वॉर रूम से स्टेशनों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। परीक्षार्थियों की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशन पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से अभ्यर्थियों को ट्रेन एवं प्लेटफॉर्म संबंधी जानकारी, स्टेशन परिसर में मार्गदर्शन, स्थानीय परिवहन संबंधी आवश्यक जानकारी तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सुविधा होगी।

इसके अतिरिक्त, संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। यात्रियों एवं परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टिकट काउंटरों की पर्याप्त उपलब्धता, ट्रेनों एवं प्लेटफार्मों से संबंधित घोषणाओं की नियमित व्यवस्था तथा एटीवीएम एवं अन्य टिकटिंग मशीनों के सुचारु संचालन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों के संचालन की व्यवस्था भी रखी गई है। 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली NEET परीक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।

परीक्षार्थियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल सहित प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रैकों का प्रावधान रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इन्हें तत्काल संचालित कर यात्रियों एवं परीक्षार्थियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

प्रयागराज मंडल परीक्षार्थियों की सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनीं जनशिकायतें




**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।मण्डलायुक्त, प्रयागराज सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज अजय कुमार मिश्र ने आज तहसील मंझनपुर पहुंचकर जनशिकायतों को सुना।

मण्डलायुक्त, प्रयागराज ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध किया जाये। तहसील मंझनपुर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## बाइक सवार युवकों को कन्टेनर ने रौंदा, दो की मौके पर मौत

**चालाक दुर्घटना के बाद कन्टेनर छोड़कर हुआ फरार**

**स्वतंत्र भारत अझुवा कौशाम्बी।** जनपद में सैनी कोतवाली क्षेत्र के कुछवा गांव के पास शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवकों को अनियन्त्रित कन्टेनर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है ।मौत की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है और एम्बुलेन्स से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू भेजा गया है जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर



दिया मृतक दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी पहुंच गये हैं घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक बख्तियार निवासी विवेक द्विवेदी उम्र 21 वर्ष पुत्र अनूप द्विवेदी अपने साथी रमेश निषाद उम्र 21 वर्ष पुत्र अमृत लाल निवासी टिकरा थाना महेवा घाट के साथ शनिवार को बाइक से मूरतगंज से वापस सैनी की ओर लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 कछुआ पावर हाउस से लगभग एक किलोमीटर पूर्व प्रयागराज-कानपुर लेन पर पहुंचे तेज रफ्तार कन्टेनर ने बाइक सवार दो युवकों की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों साथी सड़क पर गिर गये। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कंटेनर चालक कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत देखकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस से सीएचसी सिराथू भेजा। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।वाहन को सैनी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और वाहन चालक की तलाश पुलिस कर रही है मृतक विवेक द्विवेदी विवाहित था और उसकी पत्नी गर्भवती है। पति की मौत की खबर सुनकर उसका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं रमेश निषाद के परिवार में भी मातम पसरा हुआ है।

## किसानों का धान लिया पर अब तक भुगतान नहीं, सीएम और सीडीओ से शिकायत

**प्रयागराज।** जनपद के मेंजा उरुवा ब्लॉक के न्याय पंचायत शुकुलपुर जिला साधन सहकारी समिति के सचिव ने दिसंबर 2025 में करीब कई दर्जन से अधिक किसानों का धान क्रय किया लेकिन अब तक इसका भुगतान नहीं किया गया। जिसकी शिकायत किसानों ने सीधा सीएम तथा सीडीओ से की है शिकायत के बाद सचिन को बचाने के लिए इकलाबी अब किसानों को फोन कर रही है जबकि किसान सोमवार के बाद कभी भी मुख्यमंत्री दरवाजे पर पहुंच कर शिकायत कर सकते हैं जानकारी के अनुसार न्याय पंचायत शुकुलपुर में साधन सहकारी समिति है ,जहां पर आशीष मिश्रा नामक सचिव गरीब किसानों का लाखों कुंटल धान तो क्रय तो कर लिया और उन्हें सरकारी पर्ची न देकर के बाद में भुगतान करने की बात की जब किसान भुगतान की बात की तो आशीष ने किसानों को आश्वासन पर आश्वासन देना शुरू किया और थक हारकर किसानों ने ऊबकर मुख्यमंत्री व मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज से शिकायत की शिकायत के बाद अब किसानों को अलग-अलग फोन से धमकी मिल रही है किसानों का कहना था कि वह सोमवार को सीडीओ से मिलने के बाद मुख्यमंत्री से मिलकर आशीष मिश्रा के साथ-साथ शुकुलपुर सरकारी समिति से संबंधित अधिकारियों की भी शिकायत की जाएगी और उनके काले कारनामों को रखेंगे साथ ही मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की भी मांग करेंगे।

## ट्रिपल मर्डर की दुखद घटना के संबंध में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात की

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी सह सांसद अरुण भारती के निदेर्शानुसार लोक. जनशक्ति पार्टी रामविलास उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी के नेतृत्व में आज मेजा विधानसभा के कुकुरकटवा गांव में बीते दिनों हुई गुप्ता समाज के तीन लोगों की निर्मम हत्या ट्रिपल मर्डर की दुखद घटना के संबंध में आज लोक जनशक्ति पार्टी





रामविलास का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी पीड़ा साझा करने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की गईं तथा न्याय की मांग को बुलंद किया गया।

इस दौरान लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजीव पासी जी उच्च अधिकारियों से फोन के माध्यम से वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी अवगत कराई तथा परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)का पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

साथ ही शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि पीड़ित परिवार की सभी न्यायोचित मांगों को तत्काल पूरा किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा, आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाने हेतु आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। यदि पीड़ित परिवार को समयबद्ध न्याय नहीं मिला तो लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास आंदोलन करने के लिए स्वतंत्र है।

प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य रूप सेः- विनय कुशवाहा जिलाअध्यक्ष प्रयागराज, नन्द कुमार सोनी महानगर अध्यक्ष प्रयागराज, देवेंद्र तिवारी प्रदेश प्रधान महासचिव युवा प्रकोष्ठ, हैदर अब्बास प्रदेश सचिव, रामरक्षा, त्रिभुवन पाण्डेय, शुभम तिवारी , विकास राजू मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

## डंपर ने फिर ले ली एक जान, टक्कर से फल विक्रेता की मौत, शव रख किया रास्ता जाम

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र में डंपर वाहन का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेजारोड स्थित बंधवा गांव के रामपुर में शनिवार भोर में करीब चार बजे डंपर की टक्कर से 52 वर्षीय फल विक्रेता तेज बहादुर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। अधिकारियों के समझाने पर मामला शांत हुआ।मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी तेज बहादुर अपने ठेले पर फल खरीदने के लिए सिरसा नवीन मंडी जा रहे थे। रामपुर बस्ती पहुंचते ही पीछे से आ रहे डंपर ने उनके ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में फल विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित स्वजन और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर रास्ता



जाम कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया, तब जाकर करीब एक घंटे बाद लोग सड़क से हटे।

तेज बहादुर को डंपर ने चपेट में लिया तो आसपास के लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। यह देखकर डंपर चालक वाहन लेकर भागा। कुछ लोगों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन सफल नहीं हुए। उधर टक्कर लगने से तेज बहादुर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मेजा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की तैयारी कर रही है, लेकिन मृतक के स्वजन ने मुआवजे और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया। आक्रोशित तेज बहादुर के परिवार के लोग व ग्रामीण क्रशर प्लांट मालिक को भी मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। हालांकि एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय और नायब तहसीलदार नंदलाल राम जैसे-तैसे सभी को समझाकर शांत कराया। लोगों ने बताया कि तेज बहादुर के परिवार में उनकी पत्नी ननकी देवी, तीन बेटे और दो बेटियां का रो रो कर बुरा हाल है

## योग, स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश : विशिष्ट आयुष अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ डायट प्रयागराज का योग शिविर

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताहव्यापी योग शिविर का आज दिनांक 20 जून 2026 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य राजेंद्र प्रताप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आयुष विभाग से पधारे विशिष्ट अतिथियों डॉ. नवीन सोनी (क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी), डॉ. एच. के. मिश्रा (जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आयुष) तथा डॉ. अवनीश पांडेय (राजकीय चिकित्सा अधिकारी, हंडिया) का प्राचार्य राजेंद्र प्रताप द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने



योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन, आत्मानुशासन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि प्रदान करता है। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का आधार बताया।

योग गुरु धर्मेंद्र मिश्रा के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, शीतली, शीतकारी तथा विभिन्न योगासनों एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर डी.एल.एड. 2024 एवं 2025 बैच के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक



सहभागिता करते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने कहा कि योग जीवन कौशलों के विकास, मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास तथा लक्ष्य प्राप्ति का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाता है तथा उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करता है।

इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में डायट प्रयागराज में आयोजित सप्ताहव्यापी योग शिविर का औपचारिक समापन संपन्न हुआ।

## जिलाधिकारी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय



कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## संदिग्ध दशा में छात्रा की मौत

**प्रयागराज।** रावतपुर स्थित यूनाइटेड यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा अनामिका की शुक्रवार रात संदिग्ध दशा में मौत हो गई। वह रविवार को होने वाली नीट परीक्षा की अभ्यर्थी थी। छात्रा की मौत से नाराज छात्रों ने हंगामा किया। अनामिका मध्य प्रदेश की मूल निवासी थी। वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। बताया जाता है कि छात्रा हॉस्टल के एक कमरे में सोई हुई थी। इसी दौरान उसकी संदिग्ध दशा में मौत हो गई। एयरपोर्ट थाना के प्रभारी राजेश उपाध्याय का कहना है कि प्रथम दृष्टया शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही साफ होगा। छात्रा के परिवार वालों को सूचना दी गई है।

## मण्डलायुक्त ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्यायें

**मण्डलायुक्त ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन**

**मण्डलायुक्त ने लाभार्थियों को आवास की चाबी एवं आयुष्मान कार्ड किया प्रदान**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने आज विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम-सैदनपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारी, मंझनपुर से आइ.जी.आर.एस. पर ग्राम सैदनपुर की प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कियाजाए। उन्होंने लम्बित वरासत के प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने ग्राम में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर महिलाओं को और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम में विद्युत खम्भा लगाया जाना है, जिस पर मण्डलायुक्त ने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत को सर्वे कराकर विद्युत खम्भा शीघ्र लगवाने के निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। उन्होंने कृषकों को मोटे अनाज की बीज मिनी किट प्रदान किया।

जिलाधिकारी द्वारा नजदीकी सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 93 परिवारों को चिन्हित किया गया है, सभी पात्र लोगों को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके साथ उन्होंने सभी ग्रामवासियों से फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराने की अपील की। ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। ग्राम चौपाल में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास नहीं, आत्मबोध का दर्शन है योग



- हृदयनारायण दीक्षित

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसके बीज सूत्र ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। किताब में योग के बारे में लिखा है, ''शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज योग से परिचित थे।
योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, ''जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।'' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, ''आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, ''आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।'' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ''आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।'' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। माना जाता है कि वे पुष्यमित्र शुंग के परामर्शदाता थे। पतंजलि ने पाणिनि के व्याकरण पर महाभाष्य लिखा था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसके बीज सूत्र ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। किताब में योग के बारे में लिखा है, ''शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यो से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज योग से परिचित थे।

योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, ''जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।'' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, ''आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, ''आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।'' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ''आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।'' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। माना जाता है कि वे पुष्यमित्र शुंग के परामर्शदाता थे। पतंजलि ने पाणिनि के व्याकरण पर महाभाष्य लिखा था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। सांसारिक भोग सुख नहीं देते। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का मजेदार विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। बाईबिल में भी योग के संकेत हैं। बाइबिल (मैथ्यू 5.3) में कहते हैं, ''वे धन्य हैं जो मन के दीन हैं। स्वर्ग का राज्य उनका है।'' एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, ''हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।'' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, ''यथाभिमत्ध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, ''क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, ''समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।'' योग सिद्धि में समय नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि ''जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है। पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान है। दर्शन भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस महापर्व की तैयारियां उल्लासधर्मा हैं। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हो रहे हैं। भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरुपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जान सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

एक मह साधकों के लिये यह श्लोक अत्यन्त उपयोगी है। उन्हें इस ढंग से रहना चाहिये कि उनके द्वारा किसी के मन को ठेस न लगे। इतना तो साधक कर सकते हैं; किन्तु दूसरे लोग इस आचरण से नहीं चलेंगे। वे तो संसारी हैं ही, वे तो आग उगलेंगे, कुछ भी कहेंगे; किन्तु पथिक को चाहिये कि अपने हृदय में उनके द्वारा (उनके आघातों से) भी उथल-पुथल न होने दे। चिन्तन में सुरत लगी रहे, क्रम न टूटे। उदाहरण के लिये आप स्वयं सड़क पर नियमानुकूल बायें से चल रहे हैं, कोई मदिरा पीकर चला आ रहा है, उससे बचना भी आपकी जिम्मेदारी है।

अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनो गतव्यथः। कार होगा सर्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः ।। 16 ।।

जो पुरुष आकांक्षाओं से रहित, सर्वथा पवित्र है, 'दक्षः' अर्थात् आराधना का विशेषज्ञ है (ऐसा नहीं कि चोरी करता हो तो दक्ष है।

श्रीकृष्ण के अनुसार कर्म एक ही है, नियत कर्म- आराधना-चिन्तन, उसमें जो दक्ष है), जो पक्ष-विपक्ष से परे है, दुःखों से मुक्त है, सभी आरम्भों का त्यागी वह मेरा भक्त मुझे प्रिय है। करने योग्य कोई क्रिया उसके द्वारा आरम्भ होने के लिये शेष नहीं रहती।

यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति । शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः ।।17।।

जो न कभी हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोक करता है, न कामना ही करता है तथा जो शुभ और अशुभ सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्यागी है, जहाँ कोई शुभ विलग नहीं है, अशुभ शेष नहीं है, भक्ति की इस पराकाष्ठा से युक्त वह पुरुष मुझे प्रिय है।

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः । शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः ।।18।।

जो पुरुष शत्रु और मित्र में, मान तथा अपमान में सम है, जिसके अन्तःकरण की वृत्तियाँ सर्वथा शान्त हैं, जो सर्दी-गर्मी, सुख-दुःखादि द्वन्द्वों में सम और आसक्तिरहित है तथा-तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी सन्तुष्टो येन केनचित् । अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियो नरः ।।19।।

क्रमशः...

# ब्रिक्स और कृषि व्यापार की नई दिशा

- एम.एल. जाट
- स्मिता सिरोही

भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता ऐसे समय कर रहा है जब कृषि व्यापार की चर्चा केवल शुल्क और बाजार पहुंच तक सीमित नहीं रह गई है। जलवायु संकट, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव, उर्वरकों की आपूर्ति में रुकावट, सतत उत्पादन से जुड़े मानक, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की डिजिटल जानकारी तथा संकट के समय बाजारों को खुला रखने की जरूरत अब कृषि व्यापार के अहम मुद्दे बन चुके हैं।

**कृषि क्यों महत्वपूर्ण है**

ब्रिक्स के विस्तार के बाद यह समूह अब दुनिया की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी के करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। संयुक्त राष्ट्र की व्यापार एवं विकास संस्था, अंकटाड, के हालिया आकलन के अनुसार, ब्रिक्स देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार 2003 के बाद तेरह गुना से अधिक बढ़ा है और 2024 में 1.17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। कृषि इस बड़े व्यापारिक परिदृश्य का केवल एक हिस्सा हो सकती है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से यह सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में है। जब खाद्य पदार्थ महंगे होते हैं, उर्वरकों की आपूर्ति रुकती है या समुद्री मार्गों में अनिश्चितता आती है, तो इसका सीधा असर किसानों, उपभोक्ताओं और सरकारों पर पड़ता है। इसलिए कृषि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है।

ब्रिक्स देशों के बीच कृषि के क्षेत्र में कई तरह की पूरकताएं हैं। ब्राजील सोयाबीन, मांस और चीनी का बड़ा निर्यातक है। रूस अनाज और उर्वरकों में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। भारत चावल, समुद्री उत्पाद, मसाले, भैंस के मांस और छोटे किसानों से जुड़ी कई कृषि वस्तुओं में मजबूत स्थिति रखता है। चीन खाद्य पदार्थों का बड़ा आयातक और प्रसंस्करण करने वाला देश है। दक्षिण अफ्रीका इस समूह को अफ्रीका के महत्वपूर्ण कृषि-खाद्य बाजारों से जोड़ता है। नए सदस्य भी इसमें नए आयाम जोड़ते हैं। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब लॉजिस्टिक्स, वित्त और खाद्य सुरक्षा निवेश के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। मिस्र और इथियोपिया अफ्रीका की खाद्य प्रणाली से जुड़ी चिंताओं को सामने लाते हैं, जबकि इंडोनेशिया पाम ऑयल, मत्स्य क्षेत्र और उष्णकटिबंधीय कृषि की ताकत जोड़ता है।

**आपसी ताकतों को ठोस व्यवस्था में बदलना**

लेकिन केवल बड़े पैमाने और आपसी ताकतों के मेल से अपने-आप मजबूत व्यापार व्यवस्था नहीं बनती। आगामी ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक भारत को यह अवसर देती है कि वह सहयोग को कुछ ठोस दिशाओं में आगे बढ़ाए। इनमें भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था, बीज, उर्वरक और अन्य उत्पादन सामग्री की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, बेहतर बाजार जानकारी और ऐसी मूल्य श्रृंखलाएं शामिल हैं जिनमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो। भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था को शुरुआती प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कृषि व्यापार में केवल माल भेजना पर्याप्त नहीं है; यह भी उतना ही जरूरी है कि उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा और स्रोत पर भरोसा हो। कृषि व्यापार सुविधा पर 2024 के ब्रिक्स सिद्धांत पहले ही खाद्य सुरक्षा, पशु-पौध स्वास्थ्य और तकनीकी मानकों से जुड़े सहयोग, एक-दूसरे के मानकों को स्वीकार करने की व्यवस्था, कम व्यापार लागत और डिजिटल व्यापार सुविधा जैसे बुनियादी मुद्दों को मान्यता देते हैं। भारत इस एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल प्रमाणपत्रों, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की भरोसेमंद डिजिटल जानकारी, नियामकों के बीच तेज संवाद और उत्पादकों व निर्यातकों की क्षमता निर्माण पर जोर दे सकता है। दूसरी प्राथमिकता मजबूत आपूर्ति श्रृंखला होनी चाहिए। खाद्य व्यापार को उर्वरक, ऊर्जा, पशु आहार, बीज, ढुलाई-भंडारण और वित्त से अलग करके नहीं देखा जा सकता। भारत के लिए यह कोई दूर की चिंता नहीं है। उसके उर्वरक और ऊर्जा आयात का आधे से अधिक हिस्सा ब्रिक्स देशों से आता है। इसलिए उत्पादन सामग्री की सुरक्षा सीधे कृषि की मजबूती से जुड़ी हुई है। पश्चिम एशिया के हालिया संकटों ने दिखाया है कि खाद्य पदार्थों के बाजार तक पहुंचने से बहुत पहले ही उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसलिए ब्रिक्स सहयोग में उर्वरकों और अन्य उत्पादन सामग्री के बाजारों के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, भंडार और कीमतों पर पारदर्शी जानकारी, और जरूरी कृषि सामग्री की आपूर्ति में अचानक आने वाली रुकावटों को कम करने की व्यवस्था शामिल होनी चाहिए।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**नान्नोदकसमं दानं न तिथिर्द्वादशी समा।**
**न गायत्र्याः परो मन्त्रो न मातुर्दैवतं परम्।।**

अन्न और जल का दान सर्वोत्तम दान है। भूखे व्यक्ति को भोजन कराने और प्यासे व्यक्ति को जल पिलाने के समान दूसरा कोई दान नहीं है। द्वादशी तिथि-जैसी अन्य कोई उत्तम तिथि नहीं है। गायत्री से बढ़कर कोई उत्तम मन्त्र नहीं है तथा मां से बढ़कर अन्य कोई देवता नहीं है।

+++

**पत्युराज्ञां विना नारी ह्युपोष्य व्रतचारिणी ।**
**आयुस्यं हरते पत्युः सा नारी नरकं वसेत्।।**

पति की आज्ञा के बिना व्रत-उपवास करने वाली स्त्री अपने पति की आयु का नाश करती है, जिसके फलस्वरूप वह मृत्यूपरान्त नरक में जाती है।

+++

**पादशेषं पीतशेषं सन्ध्याशेषं तथैव च।**
**श्वानमूत्रसमं तोयं पीत्वा चान्द्रायणं चरेत्।।**

पैरों को धोने से बचा हुआ, पीने से बचा हुआ और सन्ध्या करने से बचा हुआ जल कुत्ते के मूत्र के समान अग्राह्य होता है। यदि कोई व्यक्ति इन तीन प्रकार के जल का प्रयोग कर लेता है, तो उसे शुद्धि के लिए चान्द्रायण व्रत करना चाहिए।

+++

## ।। अमृत कलश ।।

### ज्ञान छिपा ले सब अवगुण

यूनान के सुप्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात अपने शिष्यों से घिरे बैठे थे। तभी एक ज्योतिषी आया जो चेहरा देखकर भविष्य बताने का दावा करता था। सुकरात के विचार जितने सुन्दर होते थे उतने ही वह बदशक्ल थे।

उस ज्योतिषी ने सब के सामने सुकरात के बारे में कहा, 'यह व्यक्ति महाक्रोधी है। यह बात इसके नथुनों की बनावट से स्पष्ट प्रतीत होती है।' यह सुनकर सुकरात के शिष्यों को क्रोध आ गया। लेकिन ज्योतिषी निर्भरतापूर्वक आगे बोला, 'इस व्यक्ति के ललाट व शीश की रचना से पता चलता है कि यह लोभी भी है। ठोड़ी से लगता है कि यह सनकी है। होंठों व दांतों को देखने से पता चलता है कि यह देशद्रोह के लिए सदैव उत्सुक रहता है।'

यह सब सुनकर सुकरात ने ज्योतिषी को पुरस्कार देकर विदा किया। यह देखकर सुकरात के शिष्य असमंजस में पड़ गए।

सुकरात ने अपने शिष्यों के विस्मय को दूर करने के ध्येय से कहा, 'ज्योतिषी ने जो भी अवगुण बताए, वह सब मुझमें विद्यमान हैं। सत्य को छिपाने व्यर्थ है, मैं उन सब अवगुणों को स्वीकार करता हूं। हां, ज्योतिषी ने एक गलती कर दी...उसने मेरे ज्ञान का विचार नहीं किया। ज्ञान शक्ति के कारण ही मैं अपने तमाम अवगुणों को नियंत्रित किए रहता हूं। ज्योतिषी मात्र यही एक बात नहीं बताई।'

## काँव-काँव

+++

लोकतंत्र रक्षा के लिये लोहिया मार्ग पर अखिलेश

सुब्रत राय,अमर सिंह वाला युग खत्म हो गया?

चंपत राय का चंदाचोरी महाघोटाला -संजय सिंह

यथा नाम तथा गुण का यह संयोग दुर्लभ है!

सपा ने चलायीं थीं रामभक्तों पर गोलियां -योगी

मुलायमसिंह यादव जनता दल के मुख्यमंत्री थे!

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस ने पूछे सवाल

भगवाभक्त हरियाली देखना पसंद नहीं करते!

अमेरिका और ईरान के बीच जारी बातचीत रद्द

इजरायल अब सेकंड वर्ल्डवार के जापान जैसा!

राहुल के जन्मदिवस पर पीएम मोदी की बधाई

एक समय में ऐसा न करना समाचार होता था!

महापापियों के लिये अयोध्या होगा कुरुक्षेत्र-सपा

छोटे पापियों के लिये विजय की संभावना है!

+++

# अहंकार की राजनीति अल्पजीवी



- निशिकांत ठाकुर

श्रीमदभगवतगीता में स्वयं श्रीकृष्ण ने कहा है कि अहंकार हमारे जीवन को अंधकार में धकेलता है । जो अपने में नहीं है, वह दिखाना , वह बताना दंभ है , ढोंग है, पाखंड है ।

गीता को भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकला अमृत वचन और सर्वोच्च आध्यात्मिक ज्ञान का ग्रंथ माना गया है। गीता केवल धार्मिक पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, मोक्ष का मार्ग और मानव चेतना का सर्वोच्च शास्त्र है। सनातन का अनुयायी बताने वाला कोई कैसे दंभ भरते हुए कह सकता है कि 'कांग्रेस डूबता जहाज है जिस पर कोई सवार नहीं होगा'।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल अगर कांग्रेस में शामिल भी हो जाते हैं तो हमारे लिए राजनीतिक तौर पर और भी गुंजाइश है । बताते चलें कि प्रधानमंत्री ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पहली बार 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा दिया था । उन्होंने अपनी रैलियों में इस नारे का इस्तेमाल कांग्रेस की नीतियों, भ्रष्टाचार और कार्यसंस्कृति पर निशाना साधने के लिए किया था । बाद में, एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया था कि इसका मतलब कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह से मिटाना नहीं, बल्कि देश को 'कांग्रेस की संस्कृति और विचारधारा' (परिवारवाद, भ्रष्टाचार) से मुक्त करना है। उनका तर्क था कि भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट-बैंक की उस राजनीति से आजादी की जरूरत है, जिसे वे 'कांग्रेस संस्कृति' कहते हैं।

फिलवक्त, देश के तीन राज्यों में घमासान मचा हुआ या यह भी कहा जा सकता है कि घमासान मचा दिया गया है तो, कोई अतिशयक्ति नहीं होगी । अभी कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद 24 अप्रैल 2026 को पार्टी छोड़ गए थे। इस घटनाक्रम के तहत राज्यसभा में 'आप' के कुल 10 सांसदों में से सात (दो-तिहाई सांसद) ने राघव चड्ढा के नेतृत्व में पार्टी छोड़ी थी और भारतीय जनता पार्टी में विलय की घोषणा की थी। सच तो यह है कि आम आदमी पार्टी के जिन सात राज्यसभा सांसदों ने पार्टी छोड़ी थी दरअसल, वे राजनीतिज्ञ थे ही नहीं । वे अपने धनबल, बाहुबल से राजनीति में प्रवेश कर गए थे और दूसरी ओर जिन्होंने आम आदमी पार्टी को ध्वस्त करने के इरादे से उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया, वे देश में एक छत्र राज्य करना चाहते हैं । जाहिर है जिन्होंने विपक्ष में बने रहने से सत्ता पक्ष में जाना बेहतर समझा वे हवा का रुख भांप कर भाजपा में चले गए। चूंकि पंजाब में अब तक कांग्रेस , अकाली दल ने शासन किया और भारतीय जनता पार्टी वहां सत्ता से काफी दूर रही । इसलिए केंद्रीय सत्तारूढ़ दल ने निश्चय किया कि जिस तरह से भी हो पंजाब की सत्तारूढ़ सरकार को अगले होने वाले विधान सभा चुनाव में पंगु किया जा सके । यही तो केंद्रीय सरकार की अब तक की नीति रही है , जिसमें वह अभी तक सफल भी रही है ।

महाराष्ट्र के विपक्षी दलों में 'भगदड़' की चर्चा मुख्य रूप से उद्धव ठाकरे की पार्टी (शिवसेना-यूबीटी) में संभावित टूट और बड़े नेताओं के सत्तारूढ़ गठबंधन (महायुति) के संपर्क में होने की अटकलों के कारण हो रही है। इस राजनीतिक हलचल के कारण राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि शिवसेना (यूबीटी) के कई सांसद और विधायक पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट होकर सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं के संपर्क में हैं। बागी नेताओं का आरोप है कि पार्टी का नेतृत्व कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों की अनदेखी कर रहा है और वे अपने मूल सिद्धांतों से भटक गए हैं। राज्य में हाल ही में हुए विधान परिषद चुनावों के समय भी विपक्षी दलों (महाविकास आघाड़ी) में सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद खुलकर सामने आए थे, जिसके बाद से नेताओं के पाला बदलने की अफवाहें तेज हो गई हैं। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेताओं ने इन सभी दावों को सिरे से खारिज किया है और इसे विरोधियों द्वारा फैलाई गई अफवाह बताया है।

अब पश्चिम बंगाल की बात करें तो वहां तो बिल्कुल अति हो गई है । कल तक जिन सांसदों और विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री को देवी के रूप में देखा, वही आज उनकी कमियों को गिनाते नजर आ रहे हैं । ऐसा क्या रातों रात बदल गया जिसने राज्य की राजनीति सहित देश की राजनीति में जलजला ला दिया है । सच तो यह है कि आज की राजनीति आजादी के लिए नहीं सत्ता पर काबिज होने के लिए ही सब करने लगे हैं । तृणमूल कांग्रेस पार्टी के पराजित होने के बाद उसकी क्या दुर्दशा होगी इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था, लेकिन जो हो रहा है उस पर भी विश्वास करना मुश्किल हो गया । अभी तक जिन सांसदों ने खुलकर सुश्री ममता बनर्जी का समर्थन किया है वे कीर्ति आजाद ही हैं, लेकिन जिस सयानी घोष को पूर्व मुख्यमंत्री का सबसे करीबी माना जाता था उनका पलटना तो अविश्वसनीय है , लेकिन सच है । यह बात तो देश में की ही जा रही है कि देश की राजनीति में धुंआधार 'हॉर्स ट्रेडिंग' हो रही है । यहां तक कि तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया को साक्षात्कार देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें भी लोभ दिया गया था। सच और झूठ का पता आज नहीं तो कल चलेगा ही, लेकिन इतनी बात जरूर है कि जिन सांसदों ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को आवेदन दिया है और परोक्ष रूप से कहा है कि उनके दल का समर्थन एनडीए को रहेगा, तो उससे भी एक स्पष्ट संकेत मिलता है कि उनको कुछ विशेष देने या धमकाने का कार्य किया गया हो । आरोप तो यहां तक लगाया जा रहा है कि अब तक जितनी भी सरकारें देश में राज्यों की गिरी है उसके पीछे भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसी न किसी रूप में डराया - धमकाया जाना ही रहा है अथवा लोभ देकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया गया है। आज जो लोग सुश्री ममता बनर्जी की इतनी कमियों को गिना रहे है , क्या उनमें उतना उस समय दम नहीं था , जब उनकी सत्ता थी । अचानक राजनीति में ऐसा परिवर्तन आना निश्चित रूप से देश के लिए अभिशाप ही सिद्ध होने वाला कहा जा सकता है ।

कुछ भी हो देश की राजनीति वैसी नहीं रही जिसकी कल्पना इतिहासकारों ने आजादी के काल में की थी । ऐसा क्या अचानक राजनीति में हो गया कि 'आयाराम गया राम' की स्थिति दोहराई जा रही है । आज भारत ही नहीं विश्व के सभी देशों में कुछ समय बाद सत्ता परिवर्तन होता रहता है । सत्ता में वर्षों बने रहना केवल वंशवाद काल में ही होता रहता था, लेकिन अब विश्व की राजनीति बदल गई। सभी देश और सारे राजनीतिज्ञ जनतंत्र की ही बात करते है जहां शासन का कुछ समय में बदलना तय माना जाता है। कुछ समय पहले तक विश्व में जहां कहीं भी वंशवाद की राजनीति होती थी अब बदल गई है और जनतांत्रिक समाज में सभी विश्वास करने लगे हैं । बड़े बड़े राजनीतिक विश्लेषकों का यही मानना है कि जब तक सत्ता में परिवर्तन नहीं होगा समाज देश का विकास नहीं हो सकता। भारत में जनतांत्रिक तरीके से कांग्रेस ने भी जमीनी स्तर की राजनीति की है, लेकिन इतिहास से अनभिज्ञ लोगों को यह बात अप्रिय लगती है। उन्हें लगता है कि कांग्रेस ने आजादी के लिए योगदान नहीं दिया और सत्ता हथियाने के लिए देश का बंटवारा तक करवा दिया और अब वह डूबता हुआ जहाज है । यह सच नहीं है। बल्कि सच तो यह है अब तक देश की नींव को मजबूत करने में कांग्रेस के योगदान को किसी तरह से नकारा नहीं जा सकता । अतः किसी का यह कहना कि कांग्रेस डूबता जहाज है, सच नहीं है । जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय राजनीति के कद्दावर नेता अटल बिहारी बाजपेई स्वयं कहा करते थे कि सरकारें तो बदलती रहती है और सत्ता तो आती - जाती रहती है , लेकिन किसी को नीचा दिखाना एक अहंकार है और अहंकार किसी का लंबे समय तक टिक नहीं सकता। एक दिन उसे भी आसमान में उड़ने की जगह जमीनी स्तर पर आना ही होगा।



# हैप्पी फादर्स डे

स्वतंत्र भारत
रविवारीय उपहार
लखनऊ, रविवार, 21 जून 2026



## पिता के जीवन मंत्र

हर साल जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है। इस दिन हम अपने पिता के उस संघर्ष, मार्गदर्शन और मूक प्रेम को याद करते हैं, जो उन्होंने हर मोड़ पर हमें मजबूत बनाने के लिए दिया। पिता न सिर्फ परिवार का सहारा होते हैं, बल्कि वे ऐसे गुरु भी होते हैं जो हमें जिंदगी के अहम सबक सिखाते हैं इस फादर्स डे पर उन्हें सिर्फ गिफ्ट न दें, बल्कि उनसे मिली इन सीखों को जीवन में उतारने का वादा करें। आइए जानें ऐसे ही 10 जीवन के पाठ, जो एक पिता अपने बच्चों को सिखा सकते हैं और जिन्हें अपनाकर कोई भी इंसान मजबूत, संवेदनशील और जिम्मेदार बन सकता है। **जिम्मेदारी लेना सीखो**- एक पिता परिवार और समाज के लिए जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। हर बच्चे को अपने पिता से जिम्मेदारी निभाना सिखाना चाहिए। यह जिम्मेदारी सिर्फ किसी काम की नहीं, बल्कि अपने फैसलों की भी होनी चाहिए। पिता सिखाते हैं कि किसी भी काम से भागना नहीं चाहिए। चाहे परिवार की जिम्मेदारी हो या अपने फैसलों की, हमेशा तटकर खड़े रहना ही असली मर्दानगी है। **मेहनत करना सीखो**-जिंदगी जीने के लिए सबसे जरूरी है कि आप मेहनत करना जानते हों। पिता अपने परिवार को एक अच्छी जिंदगी देने के लिए खूब मेहनत करते हैं। पिता के जीवन से मेहनत का सबक सीख सकते हैं। ईमानदारी और मेहनत से किया गया काम ही आगे जाकर फल देता है। पिता अपने कर्मों से यह बात हमें हर दिन सिखाते हैं। **शांत रहना सीखो**- अक्सर पिता शांत रहते हैं। कैसी भी परिस्थिति हो, पिता धैर्य बनाए रखते हैं और सोच-समझ कर समाधान तलाशते हैं। आपको पिता के इस व्यवहार से सीखना चाहिए कि कैसे हर परिस्थिति में शांत रहना चाहिए और सूझबूझ के साथ काम करना चाहिए। उनका यह सबक आपके जीवन में हमेशा काम आएगा। **सादगी से जीना**- पिता अक्सर बिना दिखावे के चुपचाप सब कुछ संभालते हैं। वह सादगी से जीवन जीते हैं। उनका ऐसा रहन-सहन सिखाता है कि जीवन में असली सुंदरता सादगी में है। सादगी से भी गरिमा और सम्मान पूर्वक जिया जा सकता है। **पैसों की अहमियत** -पिता हमें सिखाते हैं कि पैसा कमाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसका सही उपयोग करना और बचत करना। पैसों की अहमियत करना अगर आपने सीख लिया तो जीवन में कभी पैसों या किसी भी चीज की कमी महसूस नहीं होगी। **शिक्षा का ज्ञान** -कुछ बातें पिता के जीवन से सीखी जा सकती हैं तो कुछ उनके सिखाएं सबक से भी। अक्सर आपके पिता आपको पढ़ाई के लिए टोंकते हैं। पढ़ने के लिए दबाव बनाते हैं लेकिन कुछ बच्चे उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि पिता जिनके ऊपर पूरे परिवार की भार होता है , वह पढ़ाई की असली अहमियत को जानते हैं। इसलिए उनके इस सबक को याद रखें कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, यही भविष्य की कुंजी है। **महिलाओं का सम्मान**-पिता अपनी मां, बहन और पत्नी तीनों के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, बच्चे भी वही सीखते हैं। आपके पिता आपकी मां का सम्मान करते हैं, उनकी परवाह करते हैं।

### जो सिखाते हैं जिंदगी जीने का सबसे बड़ा सबक



## फादर्स डे : पापा को दिलाएं उनके खास होने का एहसास

हर बच्चे के जीवन में पिता की भूमिका अहम होती है। आमतौर पर पिता कम बोलते हैं, मां की तरह लाड-दुलार नहीं दिखाते हैं लेकिन हर जरूरत को बिना कहे पूरा करते हैं। वह सख्त दिखते हैं लेकिन अंदर से नरम दिल रखते हैं। हम अक्सर मां के प्यार को खुलकर महसूस करते हैं, लेकिन पिता का प्यार अक्सर जिम्मेदारियों की चुप्पी में दब जाता है। फादर्स डे उन्हें ये बताने का यह दिन है कि वह आपके लिए कितना मायने रखते हैं। वैसे तो पिता के लिए एक दिन भी बहुत कम है लेकिन फादर्स डे आपको ये मौका देता है कि आप उन्हें खास होने का अहसास कराएं। फादर्स डे पर अपने पिता से कहें, पापा, आप मेरे लिए सबसे खास हैं। फादर्स डे जून महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल फादर्स डे 15 जून 2025 को मनाया जा रहा है। पिता को समर्पित इस दिन को पापा के लिए स्पेशल बनाने के लिए आप कुछ यूनिक आइडिया अपना सकते हैं ताकि वह आपके प्यार और सम्मान की अभिव्यक्ति देखकर खुश हो जाएं। फादर्स डे पर महंगे गिफ्ट नहीं, बल्कि समय, अपनापन और धन्यवाद सबसे बड़ा तोहफा होता है। इस बार कुछ ऐसा करें जो उन्हें हमेशा याद रहे।

**पापा को खास महसूस कराने के 5 असरदार तरीके**

**'थैंक यू कार्ड' या चिट्ठी**-अपने शब्दों में उन्हें बताएं कि आपने उनसे क्या सीखा है। सामने से नहीं बोल सकते हैं तो कार्ड या चिट्ठी पर अपनी भावनाओं को लिख दें। पुरानी बातों का जिक्र करें, जैसे पहली



साइकिल, आपकी बोर्ड परीक्षा, इंटरव्यू के लिए आपका मनोबल बढ़ाना यानी वो सब जब पापा ने आपकका साथ दिया।

**एक खास शाम** -परिवार के बीच एक छोटा-सा सेलिब्रेशन प्लान करें जिसमें सिर्फ पापा की पसंद का खाना, गाने और यादें हों। आप चाहें तो घर के बच्चों के साथ एक छोटा नाटक या कविता पाठ भी कर सकते हैं, जिसमें उनके जीवन की कहानी दिखा सकते हैं।

**पुरानी तस्वीरों का मेमोरी वॉल**-पापा के बचपन से अब तक की खास तस्वीरें इकट्ठा करें और एक कोने में सजाएं। साथ में एक स्लाइडशो या वीडियो बनाएं जो उन्हें सरप्राइज दे सके। अपनी पुरानी तस्वीरे उन्हें उनके सबसे खुशनुमा दिनों की याद दिलाएंगे।

**पापा को दें छुट्टी**-उनके रोज के किसी काम की जिम्मेदारी आप लें। जैसे बैंक जाना, गाड़ी धोना या बिल भरना। पापा की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाकर उन्हें कुछ सुकून और आराम दे सकते हैं। खास बात ये हैं कि आपको जिम्मेदारी उठाते देख वह गर्व महसूस करेंगे और उनकी चिंताएं भी कुछ कम होंगी। उन्हें बताएं कि अब वो आराम करें, क्योंकि आपने उनसे सब सीख लिया है।

**साथ समय बिताएं**-याद करें कि कैसे बचपन में आपके पापा दफ्तर से आकर सीधे आपको गोद में उठा लिया करते थे। थके होने के बावजूद आपके साथ खेलते थे। फादर्स डे पर अपने मोबाइल से दूर एक दिन उनके नाम कर दें। पापा के साथ बाहर टहलने जाएं और उनकी पसंदीदा चाय की दुकान पर बैठें या कोई पुरानी फिल्म देखें।

## क्या सिकल सेल एनीमिया को केवल 'रोग' कहना उचित है?

चिकित्सा विज्ञान में प्रयुक्त शब्द केवल वैज्ञानिक शब्दावली नहीं होते; वे समाज के व्यवहार, सरकारी नीतियों और स्वयं व्यक्ति की आत्म-छवि को भी प्रभावित करते हैं। किसी स्वास्थ्य स्थिति को रोग कहना केवल



– डा. मनमोहन प्रकाश

चिकित्सकीय वर्गीकरण नहीं, बल्कि एक सामाजिक अर्थ भी निर्मित करता है। कई बार यही शब्द रोगग्रस्त व्यक्ति और उसके परिवार में अनावश्यक भय, असुरक्षा या स्थायी हीनभावना का कारण बन जाते हैं। इसी संदर्भ में एक विचारोत्तेजक प्रश्न उठता है- **कि क्या सिकल सेल एनीमिया को केवल 'रोग' कहना पर्याप्त और उचित है?** पहली दृष्टि में इसका उत्तर सरल प्रतीत हो सकता है। चिकित्सा विज्ञान सिकल सेल एनीमिया को एक आनुवंशिक रक्त विकार मानता है। इस स्थिति में लाल रक्त कोशिकाओं में उपस्थित हीमोग्लोबिन सामान्य संरचना से भिन्न होता है। परिणामस्वरूप कुछ परिस्थितियों में लाल रक्त कोशिकाएँ गोल एवं लचीली रहने के स्थान पर हंसिया के आकार की हो सकती हैं। इन परिवर्तित कोशिकाओं के कारण रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है तथा शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इससे दर्द के दौरे, थकान, रक्ताल्पता (एनीमिया), संक्रमण की बढ़ी हुई संभावना तथा कुछ मामलों में दीर्घकालिक स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। लेकिन यहीं एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्य समझना आवश्यक है,वह यह कि सिकल सेल कोई संक्रामक रोग नहीं है,यह किसी जीवाणु या विषाणु से भी नहीं फैलता , न ही यह जीवनशैली, पोषण की कमी अथवा पर्यावरण प्रदूषण का प्रत्यक्ष परिणाम है। वास्तव में यह एक आनुवंशिक स्थिति है, जो माता-पिता से जीन के माध्यम से संतानों तक पहुँचती है।यही ज्ञान इस इस स्थिति से बचा भी सकता है। यहीं से प्रश्न गहराता है कि क्या प्रत्येक आनुवंशिक परिवर्तन को रोग कहना उचित है?आधुनिक जैव-चिकित्सा विज्ञान इस प्रश्न को पहले की अपेक्षा अधिक सूक्ष्म दृष्टि से देखता है। आज स्वास्थ्य को केवल सामान्य और असामान्य के दो कठोर वर्गों में बाँटना पर्याप्त नहीं माना जाता। अनेक आनुवंशिक अवस्थाएँ ऐसी हैं जिनके साथ व्यक्ति पूर्ण, सक्रिय, शिक्षित, उत्पादक और सार्थक जीवन जी सकता है।सिकल सेल के संदर्भ में भी सभी स्थितियाँ समान नहीं होतीं। कुछ व्यक्ति केवल सिकल सेल ट्रेट के वाहक होते हैं। उनमें सामान्यतः कोई प्रमुख लक्षण दिखाई नहीं देते और वे सामान्य जीवन जीते हैं। दूसरी ओर, कुछ व्यक्तियों में सिकल सेल रोग के लक्षण गंभीर हो सकते हैं और उन्हें नियमित चिकित्सकीय देखभाल और परामर्श की आवश्यकता पड़ सकती है। इसलिए सिकल सेल और सिकल सेल रोग को समानार्थी मान लेना वैज्ञानिक दृष्टि से भी उचित नहीं है। इस विषय का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है,जिसे हर व्यक्ति को समझना बेहद जरूरी है। हमारे समाज में रोग शब्द कई बार व्यक्ति की संपूर्ण पहचान पर हावी हो जाता है, ऐसा लगता है कि मानो व्यक्ति नहीं, उसकी बीमारी ही उसका परिचय हो। आनुवंशिक स्थितियों में यह प्रभाव और गहरा हो सकता है।

## स्व मिलन एवं आनंद का अनूठा खेल है ओंकार- साधना

हम जीवन भर बाहरी दुनियाँ में खुशियों और खजानों की खोज करते रहते हैं। कभी खेलों में, कभी मनोरंजन में, तो कभी भौतिक वस्तुओं में। लेकिन एक



–डॉ. आशा रस्तोगी

अनूठा खेल ऐसा भी है, जो किसी बाहरी मैदान में नहीं, बल्कि अपने ही भीतर खेलना है-और वह हैं ओम् (ऊँ) के साथ खेलना। यह कोई पारंपरिक पूजा पद्धति या कर्मकांड नहीं है, और न ही यह किसी विशेष धर्म का विज्ञापन है। यह तो विशुद्ध रूप से उस परमानंद को पाने का विज्ञान है, जिसके लिए मानव जीवन का सृजन हुआ है। मनुष्य का मूल स्वभाव है आनंदित रहना। लेकिन हमारे भीतर स्थित क्रोध, चिंता, लोभ और ईर्ष्या जैसे विकार इस आनंद के मार्ग में बाधा बन जाते हैं। जैसे-जैसे ओम् के साथ हमारी प्रगाढ़ता एवं मैत्री बढ़ती है, वैसे-वैसे यह विकार अपने आप नष्ट होने लगते हैं। इसके लिए आपको किसी धूप, दीप, अगरबत्ती या कठिन आसन की आवश्यकता नहीं है। आपको बस प्रतिदिन आधा घंटा इस ऊर्जा के साथ खेलना है। आप स्वयं एक पावर हाउस की तरह हैं, जिसके भीतर असीम शक्ति का भंडार है। ओम् की साधना केवल उस शक्ति के बोर्ड में प्लग लगाकर स्विच ऑन करने जैसा है। दो महीने नियमित अभ्यास आप अपने पूरे जीवन को बदल सकता है और चिंताओं को समूल नष्ट कर सकता है। **ओंकार साधना की सरल एवं प्रभावी विधि**- इस साधना को पूरी तरह सहज ओर तनाव मुक्त होकर करना है। इसकी चरणबद्ध विधि निम्न है- **1. स्थान और समय का चुनाव**- समय-सुबह का समय ब्रह्ममुहूर्त सबसे उत्तम है। लेकिन आप अपनी सुविधानुसार दिन का कोई भी समय चुन सकते हैं, जब आप का पेट खाली हो।स्थान- कोई भी शांत और स्वच्छ स्थान जहाँ ताज़ी हवा आती हो। **2. बैठने की स्थिति**-किसी भी चटाई पर सुखासन में आराम से बैठ जाएं। यदि जमीन पर असुविधा हो तो आप कुर्सी पर भी बैठ सकते हैं। अपनी रीढ़ की हड्डी, कमर और गर्दन को सीधा रखें, लेकिन शरीर में कोई तनाव न हो। हाथों को घुटने पर ज्ञान मुद्रा में रख लें। **3. शरीर और मन को शिथिल करना**- अपनी आंखें धीरे से बंद करें। दो तीन बार लंबी और गहरी सांस लें और छोड़ें। अपना पूरा ध्यान आती जाती सांसों पर टिकाएं ताकि मन शांत हो सके। **4. ओम् का उच्चारण(खेलने का तरीका)**- ओम् का उच्चारण तीन अक्षरों से मिलकर बना है। अ,उ और म। इसे 3:2:1 के अनुपात में बोलना है। अके उच्चारण करते समय गहरी सांस अंदर लें और मुँह खोलकर ऊ की ध्वनि निकालें। इसका कंपन आपके नाभि चक्र में महसूस होना चाहिए। उ का उच्चारण करते समय ध्वनि को आगे बढ़ाते हुए होंठों को गोल करे और उ---कहें। इसका कंपन आपके हृदय चक्र में महसूस होगा। और म के उच्चारण में होठों को बंद करके म--- का गुंजन करें। इसका कंपन आपके कंठ, मस्तिष्क और सिर के ऊपरी हिस्से में गूंजना चाहिए। **5. मौन का अनुभव**- यह सबसे महत्वपूर्ण चरण है। जब आप म-- कहकर रुकें, तो उसके तुरंत बाद कुछ क्षणों के लिए मौन पैदा होता है, उस शांति को महसूस करें। यही वह क्षण है जब आप अपने भीतर स्थित असीम शांति से जुड़ते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को प्रतिदिन 15 से 20 मिनट तक दोहराएँ।साधना का समापन-अभ्यास पूरा होने के बाद अपनी दोनों हथेलियों को आपस में रगड़ें। जब हथेलियां गर्म हो जाए, तो उन्हें अपनी बंद आँखों और चेहरे पर लगाएं। और अपने भीतर के आनंद को महसूस करते हुए धीरे धीरे आंखें खोलें।

## इस महीने में शुरू होगा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण

### यूपी में सजेगा सिनेमा का सबसे बड़ा मंच

यूपी अब सिर्फ राजनीति और संस्कृति का ही केंद्र नहीं रहा, बल्कि भारतीय सिनेमा का नया ठिकाना बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण कार्य इसी जून के अंत या अगले महीने की शुरुआत में शुरू होने जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे (यीडा) क्षेत्र में बनने वाली यह फिल्म सिटी न केवल देश-दुनिया के फिल्ममेकर्स को आकर्षित करेगी, बल्कि राज्य को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान देगी। इसके शिलान्यास की तैयारियां जोरों पर हैं और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका भूमि पूजन करेंगे। लगभग 10,000 करोड़ रुपये के भारी-भरकम निवेश से तैयार होने वाली इस फिल्म सिटी को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी बना रही है। तीन चरणों में बनने वाले इस प्रोजेक्ट के पहले फेज में 13 से 14 हाईटेक साउंड स्टूडियो और करीब 3 लाख वर्ग मीटर में फैला एक भव्य फिल्म इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा। वर्तमान में साइट पर जमीन को समतल करने और सड़कों के निर्माण का काम दिन-रात चल रहा है।यीडा प्रशासन इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित है और किसानों को उचित मुआवजा देकर पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इस बड़े बदलाव के पीछे उत्तर प्रदेश सरकार की वो नीतियां हैं, जिसने मुंबई के फिल्म गलियारों को यूपी की तरफ मोड़ दिया है। सरकार फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निर्माण कार्य पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है। यही वजह है। है कि आज हिंदी और भोजपुरी सिनेमा से जुड़ा एक बहुत बड़ा कारोबार सीधे यूपी से ऑपरेट हो रहा है। फिल्मों की इस बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश अब सिनेमा की पढ़ाई का भी गढ़ बनता जा रहा है।

**नए दौर का सिनेमा हब**

कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश ने बुनियादी ढांचे से लेकर सिनेमाई शिक्षा और आकर्षक सरकारी सब्सिडी तक वह हर मजबूत जमीन तैयार कर ली है जो इसे देश का नया बॉलीवुड बनाने के लिए जरूरी है। जून का यह शिलान्यास राज्य की आर्थिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक प्रगति में एक ऐतिहासिक और सुनहरे अध्याय की शुरुआत करने जा रहा है।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 21 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, सप्तमी तिथौ रवि वासरे 15/22/ पूर्वा फाल्गुन नक्षत्रे 09/32/ सिद्धि योग 11/22/ वणिज करणे 15/22/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.15मि.41पर। व्रत एवं त्यौहार- भद्रा घं.15मि.22 से घं.27मि.31तक। विराज दिन।

| | |
|---|---|
| **मेष** : नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। | **तुला** : कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा। |
| **वृष** : उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा। | **वृश्चिक** : घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा। |
| **मिथुन** : रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। | **धनु** : आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा। |
| **कर्क** : आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी। | **मकर** : मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें। |
| **सिंह** : आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी। | **कुंभ** : जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी। |
| **कन्या** : मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे। | **मीन** : वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा। |

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत के लिए गौरवशाली दिन

वर्ष 2015 से प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



– राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

किया जाता है। दुनिया भर में योग के महत्व पर चर्चा होती है और एक साथ करोड़ों लोग इस दिन योगासन करते हैं। उत्तरी गोलार्ध में 21 जून पूरे वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग से मनुष्य दीर्घायु बनता है , जो सामान्य रूप से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने का कारण है । 1 दिसंबर, 2016 में यूनेस्को ने 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में योग को सम्मिलित किया। हमारे देश के लिए निश्चित ही यह गर्व का विषय है । योग सनातन से भारत की परंपरा का अभिन्न अंग रहा है । भारतीय दर्शन शास्त्र की प्रमुख छः शाखाओं (न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, पूर्व मीमांसा एवं उत्तर मीमांसा) में से एक 'योग' जीवन के व्यावहारिक और वैचारिक पक्षों के साथ ही शरीर के भीतर स्थित आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक माध्यम है । योग शास्त्र में वर्णित विधियों और सिद्धांतों अपनाकर मनुष्य स्वस्थ शरीर के साथ शांतचित्त मन को पा सकता है। दुनिया भर के लोग आज इस बात की अहमियत समझ रहे हैं और योग के माध्यम से स्वास्थय और चित्त लाभ कर रहे हैं। योग शब्द की उत्पत्ति 'युज' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है जोड़ना अथवा मिलाना। महर्षि पतंजलि योग सूत्र में लिखते हैं ÷योग कर्मसु कौशलमयानी कर्म को कुशलता और समभाव से करना ही योग है। भारत में प्राचीन काल के योगी अपने योगबल से परकाया प्रवेश कर सकते थे, स्वयं अपने शरीर का त्याग कर सकते थे, सूक्ष्म शरीर के माध्यम से आवागमन भी कर सकते थे।

**विश्व में योग का प्रसार और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** - सर्वप्रथम सन् 1893 में स्वामी विवेकानंद ने शिकागों में आयोजित धर्म संसद में विश्व को योग का संदेश दिया । उन्होंने वेदांत के अलावा 'योग सूत्र' की चर्चा की थी । उनकी पुस्तक 'राज योग' आज भी योग की प्रमाणिक पुस्तक मानी जाती है। इसके बाद एक कुलीन रूसी महिला यूजीनी पीटरसन का जिक्र मिलता है जो योगी रामचरक की योग पुस्तिका पढ़कर प्रभावित हुई और भारत आयीं। यहाँ वे मैसूर के महाराज की मदद से योगगुरु कृष्णामाचार्य की शिष्या बनीं। सबसे पहले उन्होंने शंघाई में



योग की कक्षाएं शुरू की फिर हॉलीवुड में 'योग स्टूडियो' खोला। इन्होने अपना नाम बदल कर इंद्र देवी रख लिया था। इन्हें योग की प्रथम महिला कहा जाता है। वर्ष 2017 में प्रकाशित बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार 1960 के दशक में हिप्पी ट्रेल पर यात्रा करने वाले लोग भारतीय आश्रमों में पहुंच गये। उनमें से कुछ योग से प्रभावित हुए और जीवन का नया संस्कार लेकर स्वदेश लौटे। इसी तरह 1968 में ऋषिकेश स्थित महर्षि योगी से मिलने आई 'द बीटल्स' की टीम ने भी योग से प्रभावित होकर योग को अपनाया था। द बीटल्स 1960 के दशक में विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश रॉक बैंड था। आगे चलकर क्रमिक रूप से तिरुमलाई कृष्णमाचार्य, बीकेएस अयंगर, स्वामी शिवानन्द सरस्वती, के. पट्टाभि जोइस, महेश योगी, श्री श्री रविशंकर, बाबा रामदेव और जग्गी वासुदेव(सद्गुरु) जैसे गुरुओं ने अंतर्राष्टीय स्तर पर योग को पहचान दिलाई और भारत के योग को संपूर्ण विश्व ने सम्मान दिया। 11 दिसम्बर, 2014 में भारत के प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्टीय योग दिवस से सम्बंधित मसौदा महासभा में प्रस्तुत किया गया जिसका लगभग सभी देशों ने समर्थन किया था।



# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 400 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



**स्वतंत्रभारत मऊ।** अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग मऊ की टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। आबकारी विभाग द्वारा मोहम्मदाबाद-नदवासराय मार्ग पर सघन चेकिंग एवं प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जांच के दौरान ट्रक संख्या ꠾39 ꠾5275 की तलाशी ली गई, जिसमें 400 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब पर फ़ॉर से पंजाब ओनली अंकित था, जिससे स्पष्ट है कि शराब को अवैध रूप से उत्तर प्रदेश में लाया जा रहा था। तस्करों द्वारा शराब को छिपाने के उद्देश्य से उसे भूसी की बोरियों के नीचे रखकर परिवहन किया जा रहा था।कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक मनीष कुमार निवासी बाड़मेर, राजस्थान को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान ट्रक से एक मोबाइल फोन, वाहन से संबंधित अभिलेख तथा ?2,000 नकद भी बरामद किए गए। बरामद शराब एवं वाहन को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 63/72 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध शराब के स्रोत एवं इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी गहन जांच की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध मदिरा के कारोबार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान आबकारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद गोहना सहित आबकारी के टीम के अन्य सदस्य भी रहे

# बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**स्वतंत्र भारत वि.सं मऊ।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट छागुर राम ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में नामजद आरोपी को सुनवाई के बाद दोषी पाया।दोषी पाए जाने के बाद उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ ही कुल 23 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।अर्थदंड न देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला कोतवाली नगर थाना क्षेत्र का है।अभियोजन के अनुसार पीड़ित की 12 वर्षीय नाबालिग लड़की को आरोपी 29 सितंबर 2019 को बहला फुसलाकर लेकर चला गया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर विवेचना करके थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंधा मोड भीटी निवासी सद्दाम चूड़ीवाला पुत्र मुनीर अहमद के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।कोर्ट में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट प्रवीण कुमार मिश्रा ने कुल 8 गवाहों को पेश कर अभियोजन का पक्ष रखा। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी सद्दाम चूड़ीवाला को 12 वर्ष की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया।दोषी पाए जाने के बाद उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ ही कुल 23 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अर्थ दंड न देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड जमा हो जाने पर 75 फीसदी पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# जिलाधिकारी के रवैये से वकीलों में भारी आक्रोश

**स्वतंत्र भारत मऊ।**डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मऊ की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार (20 जून) को संपन्न हुई, जिसमें जिला प्रशासन के उपेक्षापूर्ण रवैये और वकीलों की मांगों पर कोई कार्रवाई न होने को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी मऊ के रुख को हठधर्मिता से प्रेरित बताते हुए सर्वसम्मति से एक बड़ा और कड़ा प्रस्ताव पारित किया है। इसके तहत आगामी 22 और 23 जून को जनपद के सभी राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि न्यायालयों में जनसामान्य के विचाराधीन मामलों में आदेश होने में हो रहे अत्यधिक विलंब और उससे पनप रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने 3 जून 2026 को जिलाधिकारी मऊ को 9 सूत्रीय मांग पत्र (प्रत्यावेदन) सौंपा था।उस समय जिलाधिकारी ने बार एसोसिएशन को आश्वस्त किया था कि वे 15 दिनों के भीतर इस पूरे मामले की समीक्षा करेंगे और की गई कार्रवाई से संघ को सूचित करेंगे।अधिवक्ताओं का आरोप है कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी जिलाधिकारी मऊ द्वारा बार एसोसिएशन को न तो कोई सूचना दी गई और न ही धरातल पर कोई कार्रवाई देखने को मिली। हद तो तब हो गई जब 18 जून 2026को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के एक और प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाने के बजाय उसका अनादर किया। संघ ने इसे जिला प्रशासन की हठधर्मिता और अधिवक्ताओं के सम्मान पर चोट माना है। 22 और 23 जून को सांकेतिक हड़ताल आगामी सोमवार यानी 22 जून और मंगलवार 23 जून को सांकेतिक रूप से जनपद के सभी राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों में कोई भी अधिवक्ता कार्य नहीं करेगा और सभी पूर्ण रूप से अवकाश पर रहेंगे। 24 जून से जिला अधिकारी और अपर जिला अधिकारी कोर्ट का पूर्ण बहिष्कार जिलाधिकारी मऊ और अपर जिलाधिकारी मऊ द्वारा संघ के प्रस्तावों का सम्मान न किए जाने के कारण, 24 जून 2026 से अधिवक्ता इन दोनों अधिकारियों के न्यायालयों के कार्यों में किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करेंगे (यानी कोर्ट का पूर्ण बहिष्कार रहेगा)।20 जून को पारित इस कड़े प्रस्ताव की प्रति को जनपद के सभी अधिवक्ता संघों और अधिवक्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है ताकि इस आंदोलन को व्यापक रूप दिया जा सके।

## खबर एक नज़र

### संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर गांवों में दवा छिड़काव अभियान

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दोहरीघाट विकास खंड के सूरजपुर, हसापुर और बैदापुर गांवों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए दवा छिड़काव अभियान चलाया गया। एडीओ पंचायत रमेश चंद्र के निर्देश पर ग्राम प्रधान प्रभुनाथ मौर्य के नेतृत्व में सफाईकर्मियों की टीम नालियों, झाड़ियों और जलभराव वाले स्थानों पर दवा का छिड़काव कर रही है। ग्राम प्रधान ने बताया कि डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित सफाई और छिड़काव कराया जा रहा है तथा ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत से गांव में मातम

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सराय सुदनी मोड़ पर सड़क दुर्घटना में घायल 22 वर्षीय रौनक चौहान की मौत के बाद करनपुर बड़राई गांव में शोक का माहौल है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गंभीर हालत के बावजूद घायल युवक को समय पर उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर नहीं किया गया। घटना को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की जांच, जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### आईजीआरएस शिकायत के बाद टूटी पाइप लाइन की मरम्मत

**स्वतंत्रभारत मऊ।** नगर पंचायत अमिला के वार्ड नंबर सात में पेयजल समस्या को लेकर दर्ज आईजीआरएस शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत करा दी। जांच में पाइप लाइन टूटी मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराया गया, जिससे क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति फिर से सुचारु हो गई। स्थानीय लोगों ने राहत जताते हुए प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की। नगर पंचायत ने नागरिकों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा भी दिलाया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 152 शिकायतें

**स्वतंत्रभारत मऊ।** तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में शनिवार को जिलाधिकारी आनंद वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 152 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 12 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा 9 मामलों की जांच के लिए संबंधित विभागों की टीमों को मौके पर भेजा गया। सर्वाधिक 69 शिकायतें राजस्व विभाग और 46 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता के साथ जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में तहसील एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बारिश के बाद कोतवाली परिसर में जलभराव

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर के मुख्य गेट पर शुक्रवार रात हुई बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। शनिवार सुबह परिसर में जमा पानी के कारण पुलिसकर्मियों और फरियादियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने मोटर लगाकर पानी निकाला, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

### नदी में कूदने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** जमानियां- धरम्मरपुर गंगा नदी पुल पर शनिवार की दोपहर में एक साइकिल मिलने के बाद राहगीरों ने किसी व्यक्ति के गंगा में कूदने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर नदी में मल्लाहों को लेकर नाव से खोजबीन की लेकिन किसी के नदी में कूदने की पुष्टि नहीं हो सकी। कोतवाली प्रभारी रामसजन नागर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और खोजबीन की गई, लेकिन नदी में कूदने की कोई पुष्टि नहीं हुई। एहतियातन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पुत्री ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री जो कक्षा 10 मे पढ़ती है, उसे बीते एक जून की शाम गांव का ही एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जिसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका। आशंका है कि पुत्री के साथ कोई अनहोनी न हो जाये। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि आरोपी युवक सुंदरम उर्फ बचवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### समाधान दिवस में 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त

**मड़ियाहूं जौनपुर।** तहसील मड़ियाहूं में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने की। इस दौरान कुल 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के साथ भेजा गया। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं विनोद चौधरी, तहसीलदार राकेश कुमार, नायब तहसीलदार अमित सरोज, नायब तहसीलदार कृति, नगर पंचायत रामपुर के अधिशासी अधिकारी कुंवर गौरव सिंह, नगर पंचायत मड़ियाहूं के अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़, खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामपुर विनोद कुमार तथा नेवढ़िया थानाध्यक्ष निखिलेश तिवारी बड़ेरी चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पंचायत तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

## नहर में डूबने से 7 वर्षीय बालक की मौत

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** जीवपुर गांव में रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में 7 वर्षीय बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, जीवपुर निवासी कृष्ण कुमार उर्फ लाडो (7 वर्ष) सुबह करीब 9 बजे अपनी मां साधना देवी से खेलने की बात कहकर घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर मां ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थक-हारकर परिजनों ने इसकी सूचना अहमदाबाद (गुजरात) में काम कर रहे उसके पिता धर्मेंद्र यादव को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नहर में तलाश शुरू की। करीब साढ़े 12 बजे बालक का शव नहर से बरामद किया गया। मृतक अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई सत्यपाल यादव की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कोटवा बाजार निवासी युवक का शव मिलने से हड़कंप

**स्वतंत्र भारत मोहम्मदाबाद भांवरकोल (गाजीपुर)।** थाना भांवरकोल क्षेत्र के बाठा गांव के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजेश गुप्ता उर्फ रुखी (40 वर्ष) पुत्र अशोक गुप्ता, निवासी कोटवा बाजार, कोटवा नारायणपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार राजेश शुक्रवार दोपहर अपने घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों को बाठा गांव के पास एक युवक का शव दिखाई दिया, जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान राजेश गुप्ता के रूप में की। शव मिलने की खबर फैलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुषमा तथा दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखने की अपील की है।

## ग्रेट निकोबार बचाने के लिए कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**स्वतंत्र भारत मोहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के निर्देश तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ग्रेट निकोबार द्वीप समूह को बचाने के लिए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत मोहम्मदाबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सभा आदिलाबाद चौराहा के समीप हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप समूह लगभग 161 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली समृद्ध जैव विविधता, घने वन, प्राकृतिक संसाधनों तथा आदिवासी जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार द्वारा इस क्षेत्र को कॉर्पोरेट हितों के लिए सौंपने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन, वन्य जीवन तथा वहां निवास करने वाले आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# नवागत सीओ दिनेश दत्त मिश्रा ने संभाली कमान



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद मऊ की मधुबन तहसील को नया क्षेत्राधिकारी मिल गया है। पुलिस विभाग के तेज-तर्रार और अनुभवी अधिकारी दिनेश दत्त मिश्रा ने शनिवार को मधुबन क्षेत्राधिकारी (सीओ) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सीओ दिनेश दत्त मिश्रा ने थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति, लंबित मामलों तथा संवेदनशील बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा आमजन की सुरक्षा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नवागत सीओ ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराधों पर नियंत्रण, सड़क सुरक्षा तथा फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। क्षेत्र में उनकी तैनाती को लेकर पुलिस महकमे के साथ-साथ आम लोगों में भी चर्चा है। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में मधुबन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई देखने को मिलेगी। सीओ दिनेश दत्त मिश्रा के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही पुलिस महकमे में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत करते हुए बेहतर पुलिसिंग और जनहित में प्रभावी कार्यों की अपेक्षा जताई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से जनपद जौनपुर से एक अच्छा संदेश जाए : जिलाधिकारी

**जौनपुर।**12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी श्री सैमुअल पाल एन. ने शाही किला परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कमल के निर्देशन में आयोजित इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल एक जनकल्याणकारी पहल है, जो सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद जौनपुर से योग के क्षेत्र में एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश जाना चाहिए।

## कलश यात्रा द्वारा 33 कोटि देवताओं को आमंत्रण



**बदलापुर जौनपुर।** सराय भानी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व प्रयागराज से पधारे विनयानंद सरस्वती के निर्देशन में कलश यात्रा निकाली गई जो कथास्थल से प्रारंभ होकर सराय गौरा,वर्जी, केशवपुर,राईपुर के भ्रमण के पश्चात पुनः कथा स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान लगभग 200 महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। इस संदर्भ में विनयानंद सरस्वती जी ने कहा की मंगल कलश यात्रा के साथ 33 कोटि देवताओं को कथा श्रवण हेतु आमंत्रित किया जाता है।भागवद् कथा श्रवण से इस संसार सागर से मुक्ति व परमात्मा मिलन संभव हो पाता है।मानव के मानवीय गुणों का विकास होता है।सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है। सत्संग से मानव महामानव व देवत्व प्राप्त करने में सक्षम हो पाता है।कथा श्रवण से प्राप्त ज्ञान के प्रकाश से व्यक्ति को स्वयं को पहचान पाता है। ऐसे में परमात्मा से साक्षात्कार की संभावना बढ़ जाती है। राजा परीक्षित से कलयुग ने अपने रहने का स्थान मांगा तो उन्होंने हिंसालय,मदिरालय,वेश्यालय जुआलय व अनीति से कमाए गए सोने में रहने का स्थान दिया था। जरासंध के चमकदार सोने के मुकुट अनीति से अर्जित किया गया था। उसी मुकुट को जब राजा परीक्षित ने अपने सिर पर धारण कर लिया तो उनके अंदर कलयुग ने प्रवेश करके उनके द्वारा संतों का अपमान कराया। आज भी इन पांचो जगहों पर कलयुग का वास होता है।ऐसे में हमें इन पांचो चीजों से हमेशा बचाना चाहिए। इस दौरान आयोजक सभाजीत मिश्रा,दीपक यादव, शिव प्रसाद मिश्रा, राम संजीवन मिश्रा, सुरेश तिवारी, डा, कैलाश नाथ मिश्रा, रामसुख मिश्रा आदि सैकड़ो ग्रामीण व श्रोता मौजूद रहे।

## सुंदरकांड पाठ व मानस पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**बरसठी जौनपुर।** क्षेत्र के खुआंवा गांव स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। पूजन-अर्चन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा। अनुष्ठान में वरिष्ठ पुरोहित के रूप में आशाराम पांडेय रहे, जबकि पूजन एवं वैदिक कर्मकांड का संचालन पं. नागेंद्र शुक्ला एवं सुरेंद्र शुक्ला ने किया। आयोजन के संरक्षक उदयभान सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में आयोजक छोटे सिंह सहित सर्वेश सिंह, राहुल सिंह, अजित शुक्ला, रोहित, अंबुज, अभिषेक, रंजन, रवि एवं अन्य ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आईजीआरएस समीक्षा बैठक में शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में बरती जा रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**बलरामपुर।** जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम एसपी जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया। कुछ मामले का मौके पर निस्तारण कराया गया शेष शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का समाधान कराए, जिससे विवादों का स्थायी एवं प्रभावी निस्तारण हो सके। उन्होंने अधिक भूमि विवाद वाले ग्रामों में विशेष चौपाल आयोजित कर समस्याओं के समाधान की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समाधान दिवस के अवसर पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम रमवापुर कला के 05 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम बंजरिया एवं टेढवा चुहचुहिया के 05 लाभार्थियों को असंक्रमणीय भूमि से संक्रमणीय भूमि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम शाहपुर इटई एवं मुजहनी के 05 लाभार्थियों को आवासीय भूमि पट्टा आवंटित किया गया तथा कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत परिवार को 04 लाख की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा कुपोषित बच्चों के परिवारजनों को पोषण पोटली वितरित कर उन्हें बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून 2026 तक आयोजित योग साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को योग व हमारा दैनिक जीवन पर आधारित योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को योग से होने वाले लाभ से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय ने कहा कि योग हमारे शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को साधने का एक प्राचीन माध्यम है। आधुनिक भागदौड भरी जिंदगी में, यह हमें तनाव कम करने, ऊर्जा बढाने और एक अनुशासित जीवनशैली अपनाने में मदद करता है। योग गुरु रेखा मिश्रा ने कहा कि नियमित रूप से प्राणायाम और ध्यान करने से मस्तिष्क में शांति का अनुभव होता है और कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है।

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई-निविदा सूचना, दिनांक-20.06.2026
निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1 अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-वि0पारे0म0-द्वि0/ल0/04/2026-27 (निविदा खुलने की तिथि 27-06-2026): निर्माणाधीन 400 के0वी0 जी0आई0एस उपकेन्द्र सिरसिरा, रायबरेली पर अग्निशमन उपकरणों की आपूर्ति निविदा प्रपत्र अनुसार। धरोहर धनराशि रू0 5500/- निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/- (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेंगी।
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ-226010
पत्रांक: 884/वि0पारे0मं0-द्वि0/ल0/निविदा सं0 04/2026-27 दिनांक: 19.06.2026
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), अमौसी क्षेत्र, लखनऊ
ई-निविदा सूचना पि0आ0सं0-2546 दिनांक 20.06.2026
निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1-01/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:-11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 नादरगंज के अन्तर्गत उपखण्ड नादरगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
2-02/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 नादरगंज के अन्तर्गत उपखण्ड दुबग्गा के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
3-03/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:-11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 नादरगंज के अन्तर्गत उपखण्ड मलिहाबाद के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
4-04/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:-11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 काकोरी के अन्तर्गत उपखण्ड मोहनलालगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
5-05/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:-11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 काकोरी के अन्तर्गत उपखण्ड वृन्दावन के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
6-06/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:-11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 काकोरी के अन्तर्गत उपखण्ड गोसाईगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00 ।
7-07/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 न्यू आलमबाग के अन्तर्गत उपखण्ड आशियाना चौराहा के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
8-08/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 न्यू आलमबाग के अन्तर्गत उपखण्ड अम्बेडकर विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
9-09/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 न्यू आलमबाग के अन्तर्गत उपखण्ड रजनीखण्ड के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओ का जमा योजना के अन्तर्गत कार्य कराने जाने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540, धरोहर राशि रू0 50000.00।
ई निविदा की अंतिम तिथि: 08.07.2026
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में लापरवाही बरतने पर तीन लेखपालों का रोका वेतन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील बीकापुर में समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मा. विधायक बीकापुर डॉ अमित सिंह चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और उसके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अंत्योदय राशन कार्ड से संबंधित तीन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया। विधायक ने तीनों शिकायतकर्ताओं को मौके पर ही राशन कार्ड की डिजिटल प्रति प्रदान की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने रामपुर के लेखपाल राकेश सिंह को अवैध अधिकरण पर कार्रवाई न करने पर, लेखपाल जजवारा अभिषेक भारती को खतौनी में नाम संशोधन न करने पर व लेखपाल सुल्हेपुर अतुल सिंह के द्वारा पैमाइश कराकर कब्जा न दिलाने की शिकायत पर कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए माह जून का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। तहसील बीकापुर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 350 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 42 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी क्रम में तहसील सोहावल में 183 शिकायतों में 17 शिकायतें, तहसील सदर में 174 शिकायतों में 15 शिकायतें, तहसील मिल्कीपुर में 244 शिकायतों में 20 शिकायतें तथा तहसील रूदौली में 126 शिकायतों में 10 शिकायतें का मौके पर निस्तारण किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक, जिला गंगा समिति प्रखर गुप्ता ने अवगत कराया है कि जिला गंगा समिति अयोध्या द्वारा 21 जून 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त कार्यक्रम 21 जून को स्थान पम्प कैनाल विकास खण्ड सोहावल जनपद अयोध्या में प्रातः 06:00 बजे से 08:00 बजे तक अयोजन किया जाना है। योगा दिवस का आयोजन स्थानीय संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवको, प्रधान, स्थानीय समुदायों आदि अन्य हितधारको की भागीदारी से कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित है। पूरे जिले में विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी योग दिवस मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले में कई ऐसी संस्थायें हैं जहां पर कि योग दिवस सुबह पांच बजे से ही शुरू हो जाता हैं।

# नगर निगम के निर्माण विभाग में ठेकेदारों का जीविकोपार्जन खतरे में : पार्षद चंदन सिंह

**कबीरनगर वार्ड के पार्षद चंदन सिंह ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर नगर निगम में हो रहे आरएमसी प्लांट के मालिकाना हक की शर्त रखने से निर्माण की व्यवस्था चरमराई**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नगर निगम में निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित टेंडर सवालों के घेरे में है कबीर नगर वार्ड संख्या 32 के पार्षद चंदन सिंह के अनुसार नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत होने वाले कार्य में 40 लाख के ऊपर के कार्य पर आरएमसी प्लांट के मालिकाना हक की शर्त रख दी गई है, जबकि पीडब्ल्यूडी के शेड्यूल रेट के अनुसार ही निर्माण विभाग नगर निगम का कार्य करता है, जिसमें किराएदारी व लीज पर प्लांट लेकर कार्य करने की व्यवस्था है। इस कारण प्रतिस्पर्धा ना के बराबर होगी और विशेष चाहते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की योजना है, जिसके कारण निगम राजस्व की भारी क्षति होगी। इसके पूर्व में भी इस तरह की शर्तें रखी गई थी जिसे निविदा दर दशमलव या एक परसेंट के कम दर पर आई और 40 लाख के नीचे के टेंडर में औसत निविदा 15% बिलों की रही। पार्षद ने अपने पत्र के माध्यम से शासन-प्रशासन को बताया है कि निर्माण कार्य जो पीडब्लूडी द्वारा कराया जाता है उसी के आधार पर नगर निगम निर्माण में होता चला आ रहा है, लेकिन नगर निगम निर्माण के अधिकारियों द्वारा कुछ नियमों को हटा करके अपना नियम बना लिये हैं जिससे छोटे ठेकेदारों का जीविकोपार्जन खतरे में हो गया है। जबकि पीडब्लूडी के नियम में कोई परिवर्तन नहीं है। पार्षद ने बताया कि यह व्यवस्था पीडब्लूडी के अधिकारियों ने बनायी है। जबकि पीडब्लूडी के बनाये हुए नियमावली से ही नगर निगम के निर्माण के कार्य सम्पन्न हुआ करते थे, लेकिन अब काफी परिवर्तन कर दिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी अयोध्या नगर निगम नगर आयुक्त के साथ-साथ नगर विकास मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखकर समस्याओं से अवगत करा दिया है और कहा है कि इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय।

## बालिकाओं का टीकाकरण आरोग्य मेले में होगा आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सरकार द्वारा 21 जून को प्रत्येक रविवार लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में पात्र बालिकाओं के एच पी वी टीकाकरण आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि स्वस्थ बालिका सशक्त परिवार के लक्ष्य को हासिल करने के लिये अपनी-अपनी पात्र बच्चियों को एच पी वी वैक्सीन लगवाने के लिए रविवार 21 जून को अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अपनी बच्चियों को लेकर अवश्य आयें साथ ही मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निराकरण/ईलाज भी करायें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एच पी वी वैक्सीन सुरक्षित है और हर पात्र बालिका का टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा की ओर एक सशक्त कदम है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ जीवन शैली अति महत्वपूर्ण है और उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसी लक्ष्य को लेकर प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, मगर मात्र एक दिन योग से स्वस्थ जीवन का लक्ष्य हासिल नही हो सकता है और स्वस्थ जीवन, स्वस्थ समाज, स्वस्थ जनपद, स्वस्थ प्रदेश और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा अपील की जाती है कि सभी आमजन योग को अपने जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण भाग बनायें। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी पी सिंह ने अवगत कराया कि सभी आमजन अपने अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हों और योग आसन व योग क्रियाओं का लाभ जरूर उठायें।

## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर भी उपस्थितरहे। बैठक में सभी थानों में मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी के बैठक की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कमेटी की बैठक में जो भी शिकायतें सड़क, पेयजल, जल भराव, विद्युत आदि से संबंधित प्राप्त हुई हैं उन्हें ठीक कर लिया जाए। मोहर्रम के दौरान ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुसार ही रखी जाए। ताजिया निकालने के मार्गों की साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाए। जहां कहीं भी विद्युत के तार लटके या कटे फटे हो उन्हें सही कर लिया जाए। पेड़ की टहनियों की कटाई छटाई कर ली जाए। ताजिया में लाउडस्पीकर का प्रयोग करते समय ध्वनि मानकों का पूरा ख्याल रखा जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह से बचा जाए तथा संदिग्ध की सूचना तत्काल जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को दिया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी कहा कि मोहर्रम में सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की बयान बाजी से बचा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे, सभी उप जिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकार सहित पीस कमेटी के सदस्य, आयोजक व संभ्रांत नागरिक जन उपस्थित रहे।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं जिला प्रशासन, अम्बेडकरनगर के संयुक्त तत्वाधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ आज सायंकाल हवाई पट्टी, अम्बेडकरनगर में हुआ। कार्यक्रम में लोक संस्कृति, लोक कलाओं एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाराणसी के सुप्रसिद्ध लोक गायक विमल बावरा द्वारा लोक गायन की आकर्षक प्रस्तुति से हुआ। उनके लोकगीतों ने उपस्थित श्रोताओं को लोक संस्कृति की मिठास से सराबोर कर दिया। इसके उपरांत मुरारी लाल तिवारी (मथुरा) एवं उनकी मंडली ने बृज के प्रसिद्ध लोकनृत्य फूलों की होली की जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों को बृज की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। वहीं रवि परिहार (झांसी) एवं उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत मल्लखंभ के रोमांचकारी प्रदर्शन ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। कलाकारों के अद्भुत संतुलन, कौशल और साहसिक करतबों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, कला प्रेमियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सभी ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 21 जून को सायं 6:00 बजे से हवाई पट्टी, अम्बेडकरनगर में निम्नलिखित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। मुरारी लाल तिवारी, मथुरा एवं उनकी मंडली द्वारा बृज के लोकनृत्य की प्रस्तुति। शालिनी, अयोध्या द्वारा बधावा लोक नृत्य की प्रस्तुति। रवि परिहार, झांसी एवं उनकी मंडली द्वारा मल्लखंभ का प्रदर्शन। जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने एवं कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री श्याम सुंदर वर्मा उर्फ़ साधू वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना के परिजनों को विधायक ने सौंपा चेक



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** सड़क दुर्घटना में गत दिनों तीन व्यक्तियों रजनीश रावत ग्राम रसूलपुर कुशहरी, धमेन्द्र कुमार ग्राम मकदूमपुर, बाबूलाल यादव की मृत्यु हो गयी थी, जिनके परिजनों को आज तहसील सभागार रूदौली में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मृतक के आश्रितों को क्रमशः शिवानी पत्नी स्व0 रंजीत उर्फ रजनीश निव0ग्रा0 रसूलपुर, कुशहरी, सोनी पत्नी स्व0 धर्मेन्द्र कुमार नि0ग्रा0 मकदूमपुर, फूलमती पत्नी स्व0 बालक राम उर्फ बाबूलाल नि0ग्रा0 ऐथर को एक एक लाख रुपए का चेक विधायक रुदौली रामचन्द्र यादव ने प्रदान किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार मवई राज नरायण मौर्य व रा0नि0 सुरेश शर्मा रूदौली की उपस्थिति में एक-एक लाख का चेक वितरण किया गया।

## नवनिर्मित जिला उप निबंधक कार्यालय भवन बनकर तैयार



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भेलसर चौराहे के समीप तहसील रूदौली से थोड़ी दूर पर नवनिर्मित सब रजिस्ट्रार कार्यालय तहसील रुदौली का डिजिटल उद्घाटन कामाख्या धाम से किया गया। इस मौके पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर प्रवीण कुमार यादव ए.आई.जी., दीप्ति शुक्ला सब रजिस्टार, विनोद कुमार वर्मा, सुधीर कुमार चतुर्वेदी, अभिषेक मिश्रा मौजूद थे। वही रुदौली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन, महामंत्री अमर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी, कुलभूषण यादव, हरि नारायण यादव, इंद्रसेन मिश्रा, प्रमोद कुमार द्विवेदी, अब्दुल हई खान, फहीम अहमद, राम मनोरथ वर्मा, जगन्नाथ चौधरी, अंगद यादव, राकेश कुमार लोधी, शासकीय अधिवक्ता उत्तम कुमार वर्मा , राजकुमार मौर्य उपाध्यक्ष, विनोद कुमार लोधी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि उपनिबंधक कार्यालय वर्तमान मे तहसील परिसर के भवन में संचालित है अब उपनिवंधक कार्यालय का खुद का भवन हो गया है जहां अविलम्ब कार्य भार प्रारम्भ होगा।

## युवक ने सल्फास खाकर दी जान पुलिस जांच मे जुटी

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** नगर के मोहल्ला काजियाना में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद दानिश उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र अनवर अली ने कथित रूप से सल्फास का सेवन कर लिया, जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार दानिश पिछले काफी समय से मानसिक तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रहा था। बताया जा रहा है कि उसका उपचार डॉ. हरजीत सिंह के यहां चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल युवक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## रामायण वैक्स म्यूजियम श्रद्धालुओं को कर रहा आकर्षित



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सुनील्स वैक्स म्यूजियम के शिल्पकार एवं कलाकार सुनील कंडल्लूर ने शनिवार को प्रेसवार्ता दरम्यान बताया कि सुनील्स रामायण वैक्स म्यूजियम अयोध्या मेरी एक स्वप्न परियोजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस संग्रहालय का उद्घाटन किया गया, जो हम सबके लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का विषय है। हम इस संग्रहालय में कुल 2 सौ प्रतिमाएं प्रदर्शित करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में यहां लगभग 40 प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं। जिसके वह शिल्पकार और कलाकार वर्ष 2001 से मोम प्रतिमा निर्माण (वैक्स मॉडलिंग) के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकार्पित रामायण वैक्स म्यूजियम ने उद्घाटन के साथ ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। परिक्रमा पथ पर विकसित इस अत्याधुनिक म्यूजियम में रामायण काल के प्रमुख घटनाक्रमों को मोम की जीवंत प्रतिमाओं के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया गया है कि दर्शकों को त्रेतायुग का साक्षात अनुभव होने लगा है।

## मुख्य राजस्व अधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ. गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 304 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ. गजेंद्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार, तहसीलदार लखन लाल सिंह राजपूत तथा नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय ने भी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। समाधान दिवस में कई महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के समक्ष भावुक हो उठीं। महिलाओं की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी और उपजिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों एवं लेखपालों को तत्काल जांच कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सेवरा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि ग्राम की सड़क एवं तालाब से संबंधित भूमि पर न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद विपक्षी निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। समाधान दिवस में एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राय, विद्युत निगम खंड तृतीय मिल्कीपुर के अधिशासी अभियंता, वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, इनायतनगर थाना प्रभारी राजेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ. गजेंद्र कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## नोडल अधिकारी ने प्रभारी मंत्री के निर्देशों एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा की

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपद के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग अमित गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद अयोध्या के प्रभारी मंत्री द्वारा 27 फरवरी एवं 11 मई को आयोजित बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के विकास एवं राजस्व संबंधी कार्यक्रमों की प्रगति का भी परीक्षण किया। विशेष रूप से उन विभागों की समीक्षा की गई जिनकी माह मई 2026 की रैंकिंग 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में रही है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं पर चर्चा की तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर पर नहीं है, वे विशेष प्रयास करते हुए योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार लाएं तथा आगामी मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

## श्रम बन्धु समिति की बैठक 23 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला स्तरीय श्रम बन्धु समिति, बाल श्रम उन्मूलन जनपद स्तरीय समिति एवं बंधुआ श्रम सतर्कता समिति की माह जून की बैठक जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 23 जून को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी एन0के0 चौधरी सहायक श्रमायुक्त अयोध्या ने दी है।

## टीबी रोगियों की हुई जांच



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे सौ दिवसीय सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान अंतर्गत टीबी यूनिट सोहावल के ग्राम पंचायत महोली प्रथम में आधुनिक हैण्ड हेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोगियों की समय पर पहचान, जांच एवं शीघ्र उपचार सुनिश्चित कराना है, जिससे टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। अभियान के दौरान आधुनिक एक्स-रे मशीन की सहायता से कुल 76 व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के उपरांत संदिग्ध पाए गए 8 व्यक्तियों के बलगम नमूने एकत्र कर नाट टेस्ट हेतु भेजे गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर संदीप शुक्ला ने आमजन से अपील किया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना अथवा कमजोरी जैसे लक्षण हों। तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। टीबी हारेगा और देश जीतेगा।

## अपना दल एस की समीक्षा बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अपना दल (एस) की जिला स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक शनिवार को रायबरेली रोड स्थित शाहू पैलेस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक जमुना प्रसाद सरोज ने की। बैठक में संगठन की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित विभिन्न मंचों के अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंजनी मौर्य, प्रदेश सचिव बसराज पटेल, नरेंद्र वर्मा, राजीत राम पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, अनुसूचित मंच जिलाध्यक्ष गोविंद भारती, युवा मंच जिलाध्यक्ष अखंड प्रताप वर्मा, किसान मंच जिलाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय, पंचायत मंच अध्यक्ष शिवभजन वर्मा, आईटी मंच जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा, अल्पसंख्यक मंच के मिशम खान तथा सहकारिता मंच जिलाध्यक्ष अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक में अयोध्या, बीकापुर, गोसाईगंज, मिल्कीपुर और रुदौली विधानसभा इकाइयों के अध्यक्षों ने भी भाग लिया।

## श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े मामले गंभीर व चिंताजनक : आप



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आम आदमी पार्टी, अयोध्या के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े किसी भी संस्थान में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ट्रस्ट से संबंधित विभिन्न आरोप सामने आते रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके और श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे। आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल जी महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद मोहम्मद सुफियान, मोहित, यूके द्विवेदी, गायत्री मिश्रा, आलोक द्विवेदी, रघुनाथ प्रताप महाराज, मोहम्मद कलीम, राजीव पाठक, सुमित वर्मा, विद्या वर्मा, संदीप पटेल, अखिलेश कुमार, सत्य प्रकाश मौर्य, नीलेश चतुर्वेदी, स्वर्णिम वर्मा, रामजी वर्मा, अमल वर्मा, नवीन वर्मा, मस्तराम गौड़ आदि उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य मे तुलसी सदन हादीहाल मे प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जागरूकता कार्यक्रम व पीएम किसान सम्मान निधि उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री संसदीय कार्य,चिकित्सा शिक्षा,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण व मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया।इस दौरान विधायक सदर राजेंद्र मौर्य विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सीडीओ डॉ राम मोहन मीणा आदि उपस्थित रहे।प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन मे कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष बल दिया।उन्होंने बताया कि प्रदेश में 12 ऐसे जनपद चिन्हित किया गया है जहां कृषि उत्पादन अपेक्षाकृत कम है।ऐसे जनपदों के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक व सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 23 वीं किस्त की धनराशि भेजी जा चुकी है,जिसका मैसेज खाताधारकों के मोबाइल पर शनिवार की शाम तक पहुंच गया।इसके साथ ही फॉर्मर रजिस्ट्री पीएम फसल बीमा योजना मृदा स्वास्थ्य कार्ड कृषि यंत्रीकरण उन्नत बीज वितरण व प्राकृतिक खेती जैसी योजनाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भाटपाररानी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने जनसुनवाई की। इस दौरान अधिकारियों ने एक-एक समस्याओं को गंभीरता से सुना और उसके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों सहित सभी विभागों के अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस सहित विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायती प्रकरणों का निस्तारण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही कदापि न बरती जाए, अन्यथा कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों को आगाह करते हुए कहा कि यदि सार्वजनिक जमीनों पर अवैध कब्जा मिलेगा तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानूनगो स्तर पर धारा-24, 116, निर्विवाद वरासत, अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि राजस्व वादों में कोई भी रिपोर्ट लंबित उनके स्तर पर न रहे। साथ ही वादों का निस्तारण राजस्व न्यायालय से जुड़े सभी पीठासीन अधिकारी सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में कोई पुराना प्रकरण लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने लेखपालों से निर्विवाद वरासत के निरस्त किए गए प्रकरणों के संबंध में पूछताछ की और कहा कि निर्विवाद वरासत किसी भी स्तर पर लंबित न रहे तथा इसमें हीलाहवाली कदापि न बरती जाए।आयोजित इस समाधान दिवस में ग्राम पकड़ी बाबू निवासी रितुल बिसेन ने नगर पंचायत भाटपाररानी में घटिया निर्माण कार्य व भ्रामक आख्या दिए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को इस प्रकरण के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। ग्राम करौंदा निवासी दिनेश नारायण पांडेय द्वारा गांव में अमानक निर्माण कार्य की शिकायत की गई, जिसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।फरियादी दया देवी निवासी पिपरा बघेल दक्षिण पट्टी ने पुलिस से संबंधित दर्ज मुकदमे की जांच कराए जाने संबंधी शिकायती प्रकरण प्रस्तुत की। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। तहसील परिसर में खराब पानी की टंकी व दो वर्षों से जलापूर्ति बंद होने की शिकायत प्रमोद गुप्ता द्वारा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। आयोजित इस तहसील दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी ने सबसे पहले तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। धारा-34 के लंबित पुराने प्रकरणों की पत्रावलियां मंगाकर देखीं तथा लंबित पुराने पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

## खबर एक नजर

### योग दिवस पर जिले में होंगे योग कार्यक्रम

**बलरामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जनपद में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य जनपदीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 06.15 बजे सामूहिक योगाभ्यास के साथ प्रारंभ होगा, जिसमें लगभग 1000 लोग एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की सभी तहसीलों एवं विकास खंडों में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुडकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के योग दिवस संबोधन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे जनपदवासी राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन से सीधे जुड सकेंगे। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग को अपनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ करता है तथा इसे दैनिक जीवन में शामिल कर निरोग एवं सुखद जीवन जिया जा सकता है।

### दो युवकों की डूबकर दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नरायनपुर कला थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत सरयू नदी के तपसी बाबा मंदिर के पास सोमवार को एक हृदयविदारक हादसे में दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नदी में नहाने गए दोनों युवक अचानक गहराई में चले गए और बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अमित कुमार वर्मा (26) पुत्र राम सिंह वर्मा तथा अतुल कुमार वर्मा (27) पुत्र केदारनाथ वर्मा, दोनों निवासी गोकुलपुर के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। सीएचसी मोतीपुर के चिकित्सक डॉ. अरशद ने बताया कि 'दोनों युवकों को जब अस्पताल लाया गया, तब उनकी मृत्यु हो चुकी थी।' चिकित्सकीय औपचारिकताओं के बाद परिजन शवों को लेकर घर लौट गए। घटना की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार तपसी बाबा मंदिर के पास सरयू नदी का यह हिस्सा अत्यंत गहरा है, बावजूद इसके गर्मी में यहां नहाने वालों की भीड़ लगी रहती है।

### युवक पर जानलेवा हमला

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना के रघुबर गांव निवासी नन्दलाल पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। 18 जून की शाम करीब 5.30 बजे उसका 20 वर्षीय बेटा हरिश्चन्द गांव के बाहर आम की बाग के पास खड़ा था।तभी भरतगढ़ गांव निवासी अमन सोनकर वहां पहुंचा और उसके बेटे को गालियां देने लगा। हरिश्चन्द्र ने विरोध किया तो अमन ने लाठी डंडे से उसपर हमला कर दिया।जिससे वह गंभीर घायल हो गया।उसे गंभीर हालत में सीएचसी से प्रयागराज में भर्ती कराया।पीड़ित नन्दलाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमन सोनकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट में दो लोग घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना के समसपुर साजा गांव निवासी मोतीलाल पटेल का 35 वर्षीय पुत्र सोनू पटेल को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया।महेशगंज थाना के बल्ला निवासी राजेश की 11 वर्षीय बेटी महक को पड़ोस के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया।परिजनों ने घायलों का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

### ई-रिक्शा सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह की दो महिला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** गैर जिले से आकर ई-रिक्शा सवारियों को ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह की दो महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।नगर कोतवाली एसएचओ सुभाष यादव के नेतृत्व मे एसआई अमित सिंह ने सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।भगवा चुंगी की वादिनी 6 मई को ई-रिक्शा से स्कूल से बच्चों को लेने जा रही थी कि रास्ते मे एक युवती बैठी,उसके बाद तीन और महिला बैठी,धक्का मुक्की मे वादिनी का मंगलसूत्र पार कर दिया।दूसरी घटना मे वादी ई रिक्शा से सास ससुर को लेकर जा रहा था कि जीआईसी स्कूल के पास पांच महिला सवार हो गई और एक बच्चे को सास की गोद मे जबरन बैठा दिया।इसी दौरान सास के गले की सोने की चेन छू मंतर हो गई।दोनों मामले मे पुलिस अभियोग पंजीकृत कर माथा पच्ची कर रही थी,मुखबिरों को सक्रिय कर दिया।दूसरे जिले से आकर जनपद मे ठगी गिरोह चला रही महिलाओं मे अंशिका देवी 25 पत्नी राकेश कुमार निवासी सिराजनपुर थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया,करीना कुमारी 24 पत्नी अरविंद कुमार निवासी भरवलिया थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर को बेल्हा देवी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से बिक्री के 36 हजार रुपए नकद बरामद कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जिला कारागार मे नियमित व्यवस्थाओं के लिए भेजा है।

# धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन



**बलरामपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के 56 वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित होटल रिश्ता दरबार में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंद्रभालमणि तिवारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगलदेव सिंह तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवराम सिंह रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी धीरज गुर्जर ने वीडियो कॉल के माध्यम से राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इसके उपरांत उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया तथा सामूहिक भोज का आयोजन किया। पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं और भाजपा की नीतियों के विरुद्ध चट्टान की तरह खडे हैं। प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी समय-समय पर देश के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति सरकार को आगाह करते रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जननायक बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का परिवार देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाला परिवार है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत हैं और देश में वैचारिक राजनीति को मजबूत कर रहे हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं एआईसीसी सदस्य राजबहादुर यादव तथा जिला कोऑर्डिनेटर विनय कुमार मिश्रा ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से हाहाकार

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत बंजारन टांडा विद्युत केंद्र से जुड़े गांवों में अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। माघी, सरैया, महोली शेर खान, तकिया बंजरिया, पतरहिया, नरायनपुर कला सहित दर्जनों गांवों में दिन ढलते ही बिजली गुल कर दी जाती है, जिससे पूरी रात लोग भीषण गर्मी में तड़पने को मजबूर हैं।हालात इतने भयावह हैं कि रात में घरों के भीतर रहना मुश्किल हो गया है। उमस और तेज गर्मी से परेशान ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर सड़कों व खुले स्थानों की ओर निकलने को मजबूर हैं। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। बिजली न होने से पंखे, कूलर, पानी की मोटर सब ठप पड़े हैं, जिससे पीने के पानी तक की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर जब विद्युत विभाग नानपारा बंजारन टांडा से संपर्क किया गया तो अधिकारियों ने 'होस्टिंग/लोड' का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो यह स्थिति लोगों को बीमारियों की ओर धकेल देगी।ग्रामीण भोला खान, गौरी शंकर मौर्य, राजेश कुमार मौर्य, शोभाराम चौहान, शकूर, पप्पल ,टांडे मुल्ला, सिराजुल खान, अच्छन खान सहित कई उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर यही हाल रहा तो वे मजबूर होकर अपने बिजली कनेक्शन कटवाने पर विचार करेंगे।

# शीतला सप्तमी धार्मिक मेला की प्रशासनिक तैयारी की बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** धार्मिक नगरी मानिकपुर का पांच दिवसीय आषाढ़ मास की शीतला सप्तमी धार्मिक मेला अगले माह 5 से 10 जलाई तक लगेगा।शनिवार को एसडीएम वाचस्पति सिंह की अध्यक्षता मे प्रशासनिक तैयारी बैठक तहसील सभागार मे आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने मेला से संबंधित कार्य योजना प्रस्तुत किया।एसडीएम ने बिंदु वार विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य योजना के अनुसार अपने-अपने विभागों का कार्य तत्काल प्रारंभ कर दें।सबसे बड़ी समस्या गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन से ज्वाला देवी चौराहा होते हुए शाहाबाद गंगा स्नान घाट तक निर्माणाधीन सीसी रोड पर गिट्टियां सड़क पर बिखरी होने की वजह से आवागमन बाधित है।उसे जेष्ठ मास की पूर्णिमा के पर्व सड़क को चलने योग्य बनाए जाने तथा सड़क पर गड्ढों को दुरुस्त कराए जाने के लिए पीडब्ल्यूडी के एई चक्रधर मिश्रा को निर्देशित किया है।नगर पंचायत साफ-सफाई, पेयजल के लिए इंडिया मार्का हैण्ड पंपों को चालू हालत में रखना तथा आवश्यकता अनुसार मेला क्षेत्र में टैंकर लगाने,गंगा जी के गहरे जल मे बैरिकेट के लिए निर्देश दिया है।विद्युत विभाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति तथा दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित कर ले।सभी सबंधित विभागों को ज़िम्मेदारियां सौंपते हुए 26 जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के लिए कहा है।26 जून के बाद किसी भी दिन एसडीम, क्षेत्राधिकारी व मंदिर ट्रस्ट सचिव व अन्य जिम्मेदार अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करेंगे।बैठक समाप्ति के बाद मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने सभी अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर नवागंतुक सीओ शिव नारायण वैश एमओ डॉ मुख्तार अहमद आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत माहुल के वार्ड नं0 तीन गांधी नगर में बोर्ड लगाने को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने दूसरा अभियोग दर्ज किया है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। नगर पंचायत माहुल के वार्ड नं0 तीन गांधी नगर में शासन से नामित सभासद शिवा शर्मा और रामसागर शर्मा का घर अगल बगल है। छः जून को शिवा शर्मा अपने घर के पास अपने नाम का बोर्ड लगवा रहे थे।जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी।इस संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए अहरौला पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। बात इतनी आगे बढ़ गई थी कि आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे के खिलाफ लग गए थे। घटना के एक सप्ताह बाद रामसागर शर्मा द्वारा शिवा शर्मा के ऊपर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए अभियोग दर्ज कराया।उसके बाद शिवा शर्मा और अन्य भाजपाई पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के यहां पहुंच गए।

# रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में होगा मुख्य योग दिवस कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** आज 21 जून को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे जनपद में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जनपद स्तर पर स्थानीय रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में प्रातः 6:00 बजे से आयोजित होगा। इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 'स्वस्थ्य आयु के लिए करें योग' थीम पर आधारित इस योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, अधिकारी, कर्मचारी सहित अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योगाभ्यास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है तथा उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग योग कार्यक्रम से जुड़ें और योगाभ्यास करें, जिससे वे स्वस्थ एवं निरोग रह सकें। इसके लिए जिलाधिकारी ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा है कि योग में प्रतिभाग करें और स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। योग का यह कार्यक्रम कल 21 जून को तहसील, ब्लॉक, नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना के एसआई सूबेदार रॉय का जलवा कायम है,कहीं गांजा तस्कर तो कहीं तमंचा व दुष्कर्म आरोपी को जेल की सैर करवा रहे है।दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट मे फरार चल रहे आरोपी दीपक सरोज 19 पुत्र शोभई सरोज निवासी बढ़ेरा थाना मानिकपुर को भद्दीव नहर पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ट्रेलर मकान में घुसा

**(फरिहा) आजमगढ़ ।** निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फरिहा क्षेत्र के फरीदाबाद गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सरायमीर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसा। हादसे में मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रेलर की चपेट में आने से एक गाय के बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय घर के सदस्य मकान के अंदर मौजूद थे। अचानक ट्रेलर के मकान में घुसने से परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, गनीमत रही कि घर के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।बताया जाता है कि ट्रेलर बछड़े को कुचलते हुए आगे बढ़ा और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकराकर रुक गया। घटना की सूचना तत्काल फरिहा पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

# सतत योग निरोगी काया की गारंटी : प्रो. संजीव कुमार



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे मनोयोग से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सबसे खूबसूरत चीज यह दिखी कि क्या सीनियर क्या जूनियर एवं छात्र-छात्राएं सभी ऊर्जा से लबरेज दिखे । भारत सरकार द्वारा घोषित विश्व योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग को सार्थक करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। आज विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य रंग बिरंगे परिधान की जगह सफेद कलर के परिधान में दिख रहे थे इससे ही योग यानी जुड़ाव के शब्द की सार्थकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दीक्षांत मैदान में शाम 5.00 से कुलपति प्रो. संजीव कुमार की अध्यक्षता एवं संयोजक प्रो. प्रशांत राय के निर्देशन में योग मुद्रा का विधिवत आगाज हुआ । इधर दो दिन पूर्व प्रधानमंत्री जी त्न-7 की बैठक में कई देशों के साथ फ्रांस के दौरे पर भी थे जहां पर नई पीढ़ी द्वारा योग दिवस की तैयारी यानी योगाभ्यास देखकर काफी प्रफुल्लित दिखे। अपने आंशिक उद्बोधन में कुलपति जी ने कहा हम मिली जुली संस्कृति में विश्वास रखने वाले लोग हैं। उद्बोधन के उपरांत कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर के दीक्षांत मंडपम में आयोजित बृहद योग कार्यक्रम एवं स्वस्थ आयु के लिए योग का नेतृत्व किया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि नीट परीक्षा के कारण तिथि और समय में आंशिक परिवर्तन होने के बावजूद विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का योग दिवस के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था, योग गुरुओं द्वारा कई आसन कराए गए जिसमें मुख्य रूप से जल नेती, सूत्र नेती, रबर नेती, व्युत्क्रम नेती ,कपाल नेती आदि अनेक योगासन कराए गए । विश्वविद्यालय में क्या आम हो या खास सभी सफेद एम.यश.डी.यू. टी-शर्ट परिधान में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सभी शांति एवं समरसता का संदेश रहे हैं थे। एन सी सी आज़मगढ़, एन एस एस एवं रोवर रेंजर्स के छात्र अनुशासित तरीके से कतारबद्ध खड़े होकर अन्य छात्र-छात्राओं को अप्रत्यक्ष रूप से अनुशासन में रहकर योग करने और मुस्कुराते रहने का संदेश भी दे रहे थे। कुलपति प्रो .संजीव कुमार स्वयं योग की सभी विधा को पूरे मनोयोग से करते दिखे।

# इग्नू में जुलाई सत्र के प्रवेश शुरू 15 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** बी.आर.डी. पीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र-27119 में जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।केंद्र समन्वयक प्रो. (डॉ.) अमर नाथ ने बताया कि इस सत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस तथा योगा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को नए कोर्स के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा बीबीए, बीए, बीए ऑनर्स, बीकॉम, एमकॉम, एमए, एमएससी, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा सहित कुल 53 पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित की जा रही है और इसमें आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है। किसी भी विषय से स्नातक विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं नियमित महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र भी समानांतर रूप से इग्नू के अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेकर पढ़ाई कर सकते हैं।प्रो. अमर नाथ ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी, पुलिसकर्मी तथा सेना के जवान भी बिना अवकाश लिए इग्नू के पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों को, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से कम है, बीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों में फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिल सकता है।उन्होंने कहा कि इग्नू विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी उपयोगी साबित होती है।

## दिमाग का इस्तेमाल करें : ट्रंप की इस्राइल को सलाह

### बोले- हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम के लिए किया मजबूर

**वाशिंगटन।** इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम की घोषणा के कुछ ही समय बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को कहा कि उन्होंने लेबनान में सक्रिय इस विद्रोही समूह के साथ संघर्ष रोकने के लिए इस्राइल से सहमति बनाने का आग्रह किया था।

एनबीसी न्यूज को फोन पर दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दिन में पहले इस्राइल से संपर्क किया था और उसके नेतृत्व को युद्धविराम का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया। हालांकि, उन्होंने यह पुष्टि नहीं की कि क्या उन्होंने सीधे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की थी। ट्रंप ने युद्धविराम को लेकर कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है।

उन्होंने इसे एक तरह का अतिरिक्त लाभ बताया और पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि यह समझौता 60 दिनों की अवधि के लिए तकनीकी वार्ताओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। ट्रंप ने नेतन्याहू के साथ अपने संबंधों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके साथ अच्छे संबंध रखते हैं। लेकिन कभी-कभी शांत रहना चाहिए और दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए। इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच नए युद्धविराम समझौते के बाद उनका यह बयान सामने आया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और कतर की मध्यस्थता से इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी है, जो स्थानीय समय के अनुसार सुबह नौ बजे से लागू हुआ। कुछ सूत्रों ने बताया कि इस समझौते में ईरान ने भी अमेरिका और दोहा के साथ मिलकर भूमिका निभाई।

## मेक्सिको सिटी के पास मिले चार शव

**मेक्सिको।** मेक्सिको के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि वे मेक्सिको सिटी के बाहरी इलाके में मिले चार शवों की पहचान करने में जुटे हैं। ये शव उस तलाशी अभियान के दौरान बरामद किए गए, जो मई में लापता हुए एक विवाहित जोड़े की तलाश के लिए चलाया जा रहा था। मेक्सिको राज्य के अभियोजन कार्यालय के एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि राजधानी के जांच अधिकारियों के अनुरोध पर उनके विभाग ने यह कार्रवाई की और तलाशी के दौरान चार शव बरामद किए। मेक्सिको सिटी के अभियोजक मई में लापता हुए जफर पदमसी मवानी और गुइलेर्मो जाफेट हिडाल्गो ऑर्टिज के मामले की जांच कर रहे हैं। दोनों दक्षिणी मेक्सिको सिटी क्षेत्र से लापता हुए थे। मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।



डूबते सूरज की खामोशी में भी प्रकृति की एक अनकही कहानी छिपी होती है। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

## होर्मुज से गुजरने के लिए ईरान का नया फरमान

**तेहरान।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान ने बड़ा बदलाव कर दिया है। अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन

- आवेदन करने वाले जहाजों की ही एंट्री
- गुजरने का रास्ता अनुमति आधारित होगा
- क्षेत्रीय स्थिरता की मजबूती की दी दलील

(एमओयू) के बाद अब कोई भी जहाज सीधे होर्मुज से नहीं गुजर सकेगा। ईरान ने नई अनुमति व्यवस्था लागू करते हुए कहा है कि केवल वही जहाज इस समुद्री मार्ग का इस्तेमाल कर पाएंगे जो पहले से आवेदन करेंगे और तय नियमों का पालन करेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों के बाद समुद्री व्यापार को फिर से सामान्य बनाने की तैयारी चल रही है। चूंकि दुनिया के करीब पांचवें हिस्से का तेल और




एलएनजी इसी मार्ग से गुजरता है, इसलिए ईरान के इस कदम को वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पहले होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए किसी विशेष अनुमति की जरूरत नहीं होती थी। जहाज अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों के तहत इस रास्ते का इस्तेमाल करते थे। लेकिन अब ईरान ने पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) नाम की नई संस्था बनाकर पूरी प्रक्रिया बदल दी है। अब हर जहाज को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद ही उसे आगे बढ़ने की अनुमति मिलेगी। यानी अब होर्मुज से गुजरने का रास्ता स्वतः खुला नहीं रहेगा, बल्कि अनुमति आधारित होगा। ईरान का कहना है कि इससे समुद्री सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत किया जा सकेगा। ईरान के नए नियमों के अनुसार केवल वही जहाज होर्मुज से गुजर सकेंगे जो पीजीएसए के पास निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करेंगे। जहाज को अपना नाम, झंडा, आईएमओ नंबर, कार्गो की जानकारी, मालिक का विवरण, बीमा संबंधी दस्तावेज और यात्रा का पूरा कार्यक्रम देना होगा। इसके अलावा जहाज पर मौजूद चालक दल की संख्या और उनकी राष्ट्रीयता तक की जानकारी मांगी जाएगी। यदि कोई जानकारी अधूरी पाई जाती है तो आवेदन लंबित रखा जा सकता है या खारिज भी किया जा सकता है। इसका मतलब है कि अब केवल नियमों का पालन करने वाले जहाजों को ही प्रवेश मिलेगा। पीजीएसए ने स्पष्ट किया है कि जहाजों को होर्मुज क्षेत्र में पहुंचने से कम से कम 48 घंटे पहले आवेदन जमा करना होगा। एजेंसी का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी सुरक्षा चुनौतियां मौजूद हैं। कुछ समुद्री इलाकों में युद्ध के प्रभाव और संभावित खतरे बने हुए हैं। ऐसे में प्रत्येक जहाज के लिए अलग मार्ग और समय तय करना जरूरी है। ईरान का दावा है कि इससे टकराव, दुर्घटना और सुरक्षा संबंधी जोखिम कम होंगे। आवेदन की समीक्षा के लिए भी एजेंसी को 48 घंटे तक का समय मिलेगा।

## एक नज़र

### अमेरिका-ईरान वार्ता की तैयारी तेज

स्विट्जरलैंड में परमाणु समझौते पर हो सकती है बातचीत

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की नई उम्मीद दिखाई दे रही है। दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद अब स्विट्जरलैंड में नई वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड रवाना हो चुके हैं, जहां दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु समझौते को लेकर बातचीत हो सकती है। ऐसे समय में जब क्षेत्र में सैन्य तनाव कम करने की कोशिशें चल रही हैं, यह वार्ता पश्चिम एशिया की राजनीति और वैश्विक सुरक्षा के लिए काफी अहम मानी जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता का पहला दौर स्विट्जरलैंड में होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और दामाद जेरेड कुशनर भी वार्ता से पहले स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। शुरुआत में बातचीत शुक्रवार से शुरू होनी थी, लेकिन लेबनान में इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के कारण इसे टाल दिया गया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम लागू होने के बाद बातचीत का रास्ता फिर खुलता दिखाई दे रहा है। फिलहाल वार्ता की नई तारीख का औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन कूटनीतिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं।

### लेबनान पर इस्राइली हमले जारी, पांच की मौत

दूसरी तरफ हो चुकी युद्धविराम की घोषणा

**बेरूत।** लेबनान के आधिकारिक मीडिया ने बताया कि शनिवार को देश के दक्षिणी हिस्से में नए इजरायली हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई। ये हमले तब हुए हैं जब एक दिन पहले ही इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह समूह के बीच एक नए युद्धविराम की घोषणा की गई थी। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने आधी रात के बाद और शनिवार सुबह तक दक्षिण लेबनान के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर इजरायली हवाई हमलों की सूचना दी। इनमें से कई हमले नबातियेह क्षेत्र और उसके आसपास हुए। एजेंसी ने नबातियेह शहर और उसके बाहरी इलाकों में इजरायली तोपखाने की गोलाबारी की भी जानकारी दी। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हाल के दिनों में लड़ाई काफी तेज रही है। एनएनए के अनुसार, अरब सलीम शहर में हवाई हमलों में तीन लोग मारे गए, दीर जहरानी में एक व्यक्ति की मौत हुई, और ड्वेर शहर के प्रवेश द्वार पर एक मोटरसाइकिल पर दुश्मन के ड्रोन द्वारा किए गए हमले में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। यह घोषणा लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के उस बयान के बाद आई जिसमें कहा गया था कि शुक्रवार को देश के दक्षिण और पूर्वी हिस्से में इजरायली हवाई हमलों और बमबारी में 47 लोग मारे गए। यह इस सप्ताह वाशिंगटन और तेहरान के बीच पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध को रोकने के लिए हुए समझौते के बाद की सबसे भीषण हिंसा है। इस समझौते से लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई रुकने की भी उम्मीद थी।

### 'मैं बॉस हूं' वाले बयान पर ट्रंप की सफाई

**बोले- मजाक कर रहा था, दुनिया ने गंभीरता से ले लिया**

**वॉशिंगटन।** जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया के बड़े नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक टिप्पणी अचानक वैश्विक चर्चा का विषय बन गई। सम्मेलन में प्रवेश करते समय ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा था, मैं बॉस हूं। यह बयान तेजी से सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में वायरल हो गया। अब ट्रंप ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका मकसद किसी पर रौब जमाना नहीं था, बल्कि वह सिर्फ मजाक कर रहे थे। ट्रंप का कहना है कि उनकी इस टिप्पणी को संदर्भ से अलग करके देखा गया और इसे जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लिया गया। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप से जी7 सम्मेलन में दिए गए उनके बयान को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि वह केवल मजाक कर रहे थे और किसी भी नेता पर अपनी श्रेष्ठता दिखाने की कोशिश नहीं कर रहे थे। ट्रंप ने बताया कि जब वह बैठक कक्ष में पहुंचे तो वहां पहले से कई देशों के प्रमुख नेता बैठे हुए थे। उसी दौरान उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं बॉस हूं। ट्रंप ने कहा कि यह एक मजाकिया टिप्पणी थी, लेकिन बाद में यह पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरानी है कि एक सामान्य मजाक को इतना बड़ा मुद्दा बना दिया गया।

## रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति को दिया सुरक्षा का भरोसा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने लेबनान को खुला समर्थन देकर नई कूटनीतिक चर्चा छेड़ दी है।

- बोले- हम आपके साथ



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन से फोन पर बातचीत कर देश की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति वाशिंगटन की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब लेबनान इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों को रोकने की मांग कर रहा है। ऐसे में कुछ जानकार इसे ट्रंप प्रशासन की क्षेत्रीय रणनीति के अहम संकेत के रूप में देख रहे हैं, हालांकि अमेरिका ने सार्वजनिक रूप से इस्राइल से दूरी बनाने जैसी कोई बात नहीं कही है।

मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति जोसेफ आउन से बातचीत में कहा कि अमेरिका लेबनान की सुरक्षा और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लेबनान सरकार का अधिकार देश के सभी हिस्सों में प्रभावी ढंग से स्थापित होना चाहिए। साथ ही अमेरिका ने लेबनान की सेना और अन्य वैध सुरक्षा संस्थाओं को अपना समर्थन जारी रखने का भरोसा भी दिया। यह संदेश ऐसे समय आया है जब लेबनान अपनी सीमाओं पर बढ़ते तनाव और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। जोसेफ आउन ने अमेरिका के समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि लेबनान की धरती पर इस्राइली सैन्य कार्रवाई रुकनी चाहिए। उन्होंने व्यापक संघर्ष विराम को बेहद जरूरी बताया।

## संयुक्त राष्ट्र में भिड़े इस्राइली प्रतिनिधि व यूएन की अधिकारी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष के दौरान यौन हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इस्राइल के प्रतिनिधि डैनी डैनन और संयुक्त राष्ट्र की अधिकारी वैनेसा फ्रेजियर के बीच बहस हो गई। जिसके कारण बैठक के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर न्यूयॉर्क में एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान इस्राइली दूत डैनी डैनन ने प्रमिला पैटन के इस्तीफे की मांग की। दरअसल, प्रमिला पैटन एक रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें पहली बार इस तरह के कथित दुर्व्यवहारों के लिए इस्राइल को ब्लैकलिस्ट किया गया था। इसके साथ ही उन पर पक्षपात का आरोप लगाया। डैनन ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस का जिक्र करते हुए कहा, आपने इस्राइल को निशाना बनाने के महासचिव के जुनून के आगे घुटने टेक दिए।

## ट्रंप ने कतर से गिफ्ट में मिला एयरफोर्स वन दुनिया को दिखाया

### इसे बताया दुनिया का सबसे आलीशान प्लेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पुराने हो चुके एयर फोर्स वन को विदाई देने के ठीक एक दिन बाद, कतर द्वारा उपहार में दिए गए 400 मिलियन डॉलर के बोइंग 747 - को अपने नए अस्थायी हवाई कार्यालय के रूप में पेश किया है। ट्रंप ने इसे दुनिया का सबसे लग्जरी विमान बताया है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के विमान को एयर फोर्स वन कहा जाता है। कतर द्वारा गिफ्ट किया गया यह विमान राष्ट्रपति के अगले पीढ़ी के आधिकारिक विमानों के आने तक (वर्ष 2027-2028) उनकी हवाई यात्राओं का जिम्मा संभालेगा। ट्रंप अगले महीने तुर्की के अंकारा में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में इसी नए विमान से जाएंगे।

**कतर से मिले बोइंग 747 पर राजनीतिक विवाद और सुरक्षा चिंताएं**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को मैरीलैंड के जॉइंट बेस एंड्रयूज के एक हैंगर में दुनिया के सबसे आलीशान विमान वीसी-25बी का अनावरण किया। लाल, सफेद, गहरे नीले और सुनहरे रंग का यह विमान कतर के खाड़ी अमीरात द्वारा उपहार में दिया गया है। हालांकि, इस तोहफे को लेकर अमेरिका में राजनीतिक आलोचनाएं शुरू हो गई हैं, क्योंकि अमेरिकी नियमों के मुताबिक. एक कैलेंडर वर्ष में किसी भी एकल स्रोत से बिना मांगे मिलने वाले उपहार की अधिकतम सीमा महज 50 डॉलर है, जबकि इस विमान की कीमत इस सीमा से कहीं अधिक है।

## डोमिनिकन रिपब्लिक के बीचफ्रंट रिजॉर्ट में आग लगी

**एक की मौत, 1700 लोग सुरक्षित निकाले गए**

**बायाहीबे।** कैरेबियाई देश डोमिनिकन रिपब्लिक के पर्यटन स्थल बायाहीबे स्थित एक बीचफ्रंट रिजॉर्ट में आग लग गई। हादसे में इटली की एक महिला पर्यटक की मौत हो गई, जबकि करीब 1,700 पर्यटकों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मृतक की पहचान फ्रांसेस्का वैलेंटिनो के रूप में हुई है। आग विवा विंडहैम डोमिनिकस बीच होटल में लगी थी। छ्रश्व॥ के मुताबिक, 3 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि 6 अन्य का मौके पर ही इलाज किया गया। फायर ब्रिगेड ने कई घंटों के बाद आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, होटल की छत का कुछ हिस्सा ताड़ (पाम) के पत्तों से बना था, जिससे आग तेजी से फैल गई। तेज हवा ने भी आग फैलने में मदद की। फिलहाल आग लगने की वजह का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आसपास के इलाकों में पर्यटन गतिविधियां सामान्य रूप से जारी हैं।

## बलूचिस्तान और खैबर में अफगान ड्रोन हमले

**पेशावर।** अफगानिस्तान ने बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में ताबड़तोड़ ढूंढ हमले किए हैं जिसमें आईएसआईएस आतंकियों के कई ठिकाने तबाह हो गए हैं। कहा जा रहा है कि हमले इतने जबरदस्त थे कि कई आतंकियों के चिथड़े उड़ गए। गौर करने वाली बात तो यह भी है कि जिन आतंकी ठिकानों को अफगानिस्तान की सेना ने इस बार निशाना बनाया है। यहां से ही भारत के खिलाफ हमले की साजिशें रचने की खबरें आती रहती है। अफगानिस्तान की इस तगड़ी कार्रवाई ने पूरे पाकिस्तान में भगदड़ मचा दी है। तालिबान का पाकिस्तान के भीतर ड्रोन हमले को अंजाम देना असीम मुनीर की सेना के लिए बहुत बड़ा झटका है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए पाकिस्तान में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इन जगहों से अफगानिस्तान के खिलाफ कई घातक हमलों की साजिश रची गई थी।

**प्रशंसा** | बोले- प्रधानमंत्री बहुत ही सख्त प्रशासक

## राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया महान नेता

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें एक महान नेता और सख्त प्रशासक बताया। ट्रंप ने एक्सियोस के साथ एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के उन नेताओं में शामिल किया जिनकी वे सबसे ज्यादा सराहना करते हैं। इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने ताकत, कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के मुद्दे पर बात की। इंटरव्यू के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार पीएम मोदी की सराहना की। ट्रंप ने पीएम मोदी की उन खूबियों पर बात की जो उनके प्रभावशाली नेतृत्व को दर्शाती हैं। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के लंबे कार्यकाल, राजनीतिक ताकत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी छवि की ओर इशारा किया।

हाल ही में जी7 समिट में मिले नेताओं के बारे में बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने आमंत्रित किए गए दुनिया के तमाम नेताओं के बीच पीएम मोदी की मौजूदगी को याद किया। ट्रंप ने सरकार के प्रमुखों और देश के नेताओं की मीटिंग के बारे में बताते हुए कहा,




भारत के प्रधानमंत्री एक महान इंसान हैं। बाद में, जब उनसे पूछा गया कि वह एक महान नेता को कैसे परिभाषित करते हैं, तो ट्रंप ने पीएम मोदी को एक ऐसे देश में राजनीतिक स्थिरता का उदाहरण बताया, जहां पहले के नेतृत्व में बदलाव होते रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व मजबूत**

ट्रंप ने कहा, मैंने जीवन भर भारत के बारे में जो देखा है, वह यही है कि लोग वहां तेजी से बदलते रहे हैं। कोई वहां छह महीने और फिर एक साल तक रहता था और फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं। वे वहां 12 साल से ज्यादा समय से हैं और बहुत मजबूत हैं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी शांति के साथ राजनीतिक सख्ती को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, वह ऐसा आचरण करते हैं जैसे सब कुछ बहुत शांत है, लेकिन वह शांत स्वाभाव के इंसान नहीं हैं। वह बहुत सख्त इंसान हैं। मैं उन्हें काफी अच्छी तरह जानता हूं।

**पीएम मोदी की सबसे ज्यादा इज्जत करते हैं**

बाद में जब उनसे पूछा गया कि कौन से लोग अपनी ताकत और नेतृत्व का इस्तेमाल करने की काबिलियत के लिए सबसे अलग हैं, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का नाम उन ग्लोबल लीडर्स में लिया जिनकी वह सबसे ज्यादा इज्जत करते हैं। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम मोदी बहुत अच्छे हैं। वे एक बेहतरीन नेता हैं। वहां 1.5 अरब लोग हैं। भारत असल में सबसे बड़ा है। ट्रंप ने भारत के हालिया आर्थिक प्रदर्शन का जिक्र किया और अंतरराष्ट्रीय मामलों में पीएम मोदी के नजरिए को इसका क्रेडिट देते हुए कहा, उन्होंने कुछ बहुत अच्छे नंबर्स (आर्थिक नजरिए से) का ऐलान किया है। वह युद्ध से दूर रहते हैं, जो स्मार्ट है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089